14 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 203

खुलासा : देवघर में नकली शराब बनाने के गोरखधंधे के भंडाफोड़



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# पीओके खाली करे पाकिस्तान: भारत

## विदेश मंत्रालय प्रेस कांफ्रेंस में बोला, जम्मू-कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया सीजफायर के बाद अब भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान जारी किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच सभी मुद्दों का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिये ही किया जायेगा। जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पाकिस्तान को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को खाली करना होगा। ये बातें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। विदेश मंत्रालय ने इन बातों से भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का क्रेडिट लेने के दावों को भी नकार दिया।

**पाकिस्तान आतंक का एपीसेंटर:** रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहलगाम में भारतीय टूरिस्ट विक्टिम हैं। पाकिस्तान आतंक का एपीसेंटर है। दुनियाभर के नेताओं ने माना कि भारत को अपनी सुरक्षा का हक है। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल कहा था कि आतंक को मदद देने वाले जिम्मेदारों पर एक्शन होना चाहिए। हमारी लीडरशिप ने कहा है कि सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

**द रेजिस्टेंस फ्रंट आतंकी संगठन के तौर पर सूचीबद्ध होगा:** विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। हमने सात बार ब्रीफिंग दी। विदेश सचिव ने साफ कहा था कि हमारे पास सबूत हैं। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने जिम्मेदारी ले थी। टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का संगठन है। टीआरएफ को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकी संगठन के तौर पर सूचीबद्ध करायेंगे। इसके लिए कार्रवाई शुरू हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मॉनिटरिंग कमेटी से हमने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन के तौर पर सूचीबद्ध करने को कहा है। उनका जवाब कुछ दिनों में मिल जायेगा।

**बीएसएफ जवान को छुड़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय काम कर रहा:** बीएसएफ का कांस्टेबल बीके साहू 20 दिन से पाकिस्तान के कब्जे में है। उसे छुड़ाने के सवाल पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि मेरे पास इसका अपडेट नहीं है। इस बारे में सेना और डिफेंस मिनिस्ट्री काम कर रही हैं। दोनों देशों में कैसे बातचीत हुई। लेकिन इसकी डिटेल नहीं दे सकता।



### भारत ने आतंकी ठिकाने ध्वस्त किये

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका में सैन्य गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई थी। ट्रेड को लेकर दोनों देशों में कोई बात नहीं हुई। भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, लेकिन पाकिस्तान ने आम लोगों को निशाना बनाया। अभी शांति है। जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी एयरक्राफ्ट और अन्य के मार गिराने की खबरें सोशल मीडिया पर हैं। इस पर बाद में चर्चा करेंगे।

### पाकिस्तान ने फिर हमला किया, तो तगड़ा जवाब मिलेगा

भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने बात की थी और हमले रोकने की बात कही थी। भारत का संदेश साफ है कि हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। अगर पाकिस्तान की ओर से हमला होता है तो हम भी हमला करेंगे। अगर वे शांत रहते हैं तो हम भी शांत रहेंगे।

### पाकिस्तान हर जंग हारने के बाद जश्न मनाता है

पाकिस्तान के विदेश मंत्री के बयान पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में कई जगहों को पाकिस्तान में नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान ने भारतीय सेना की क्षमता देखी। पाकिस्तान के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा। हमारा टारगेट आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर थे। 9 मई की रात पाकिस्तान का हमला हमने फेल किया। वहां के एयरबेस ध्वस्त होने के बाद पाकिस्तान ने डीजीएमओ स्तर की बातचीत की पेशकश की। पाकिस्तान में हुए हमले की सैटेलाइट पिक्चर मौजूद हैं, जो आपके हर सवाल का जवाब देंगी। पाकिस्तान ने हर जंग हारने के बाद ढोल बजाया है। यह उनकी पुरानी आदत है।

# आतंकियों को घर में घुसकर मारेंगे: नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस में एयरफोर्स के जवानों से मिले**

**कहा, हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे, पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा कि भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा, विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन और मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आयेगी।

**न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गये। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा।

**प्रधानमंत्री ने वायुसेना की तारीफ की :** प्रधानमंत्री ने कहा कि एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गयी है। मोदी ने कहा कि अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आयीं। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।



### दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानते हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया, तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर और अपने तरीके से होगा। ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है। ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

## न्यूज रील्स

### अमृतसर में जहरीली शराब से 17 की मौत

अमृतसर। पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत हो गयी। यह पंजाब में तीन साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है। मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान दोपहर बाद मजीठा पहुंचे और पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को 10 लख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवायी गयी थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गयी थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है।

### बठिंडा में पाकिस्तान का जासूस पकड़ाया

बठिंडा। पंजाब में बठिंडा आर्मी कैंट से पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दर्जी को गिरफ्तार किया है। दर्जी रकीब उत्तराखंड के रुड़की का रहने वाला है। आर्मी कैंट के अधिकारियों को रकीब की गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत बठिंडा पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रकीब को गिरफ्तार कर लिया।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर बम की धमकी से हड़कंप

कोलकाता। कोलकाता एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर हड़कंप मच गया, जब मुंबई जा रही एक फ्लाइट के यात्री ने दावा किया कि उसके पास बम है। यह फ्लाइट इम्फाल से कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। यह फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की थी, जिसमें कुल 186 यात्री थे। इस मामले में सुरक्षा अधिकारियों ने उस यात्री को हिरासत में ले लिया। यात्री की बात को 'स्पेसिफिक थ्रेट' मानते हुए फ्लाइट को आइसोलेशन-बे में ले जाकर जांच की गयी।

# भारत पर 15 लाख साइबर अटैक, सिर्फ 150 कामयाब

**पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान ने शुरू किया था साइबर अटैक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर अटैक किये। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे। सेल ने ये हमले करने वाले सात एडवांस्ड परसिसटेंट थ्रेट (एपीटी) ग्रुप्स की पहचान की है। सेल ने बताया कि सीजफायर के बाद भी भारतीय वेबसाइटों को पाकिस्तान, बांग्लादेश और सेंट्रल-ईस्ट देशों से साइबर अटैक का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, सेल ने मुंबई एयरपोर्ट से डेटा चुराने, एविएशन, म्यूनिसिपैलिटी सिस्टम और चुनाव आयोग की वेबसाइट हैक करने के दावे खारिज कर दिए। वहीं, कनफ्लिक्ट से जुड़ी पांच हजार से ज्यादा फर्जी खबरें भी हटायीं।

# शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर

**दो की हुई पहचान, भारी मात्रा में हथियार बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा। दोनों तरफ से फायरिंग हुई। सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया। इसके बाद कुछ समय बाद ही दो और आतंकियों को भी मार गिराने में सफलता हासिल की है। हालांकि मुठभेड़ में मारे गये आतंकी पहलगाम में हमला करने वाले आतंकी नहीं हैं।



शोपियां जिले के रहने वाला शाहिद कुट्टे, पुत्र मोहम्मद यूसुफ कुट्टे, 8 मार्च 2023 को लश्कर-ए-तैयबा (श्रेणी- ए) में शामिल हुआ था। वह कई आतंकी वारदातों में शामिल रहा जो इस मुठभेड़ में मारा गया। दूसरा आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के श्रेणी-ए के आतंकी अदनान शफी डार, निवासी वांडूना मेलहोरा, शोपियां, ने 18 अक्टूबर 2024 को वाची इलाके में एक गैर-स्थानीय मजदूर की हत्या की थी। इनके पास से भारी मात्रा मे हथियार बरामद हुए हैं।

### फिरोजपुर में फिर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

फिरोजपुर (आजाद सिपाही)। फिरोजपुर के ममदोट में मंगलवार सुबह पाकिस्तानी ड्रोन दिखा। इस पर बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन पर करीब 250 राउंड फायरिंग की। इसके बाद ड्रोन पाकिस्तान की तरफ लौट गया। वहीं, 9 मई को फिरोजपुर के खाई फेमे गांव में ड्रोन अटैक में घायल हुई महिला सुखविंदर कौर की लुधियाना के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## सीबीएसइ 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी

# 10वीं में लड़कों ने, तो 12वीं में लड़कियों ने मारी बाजी

**सीबीएसइ 10वीं बोर्ड में झारखंड में लड़के आगे**

**परीक्षा में प्रदेश से 79,595 विद्यार्थी हुए थे शामिल, 73,351 सफल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में झारखंड राज्य का कुल पास प्रतिशत 92.16 रहा है। इस बार राज्य से कुल 80,242 छात्र-छात्राएं परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड हुए थे, जिनमें 46,133 छात्र और 34,109 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में 79,595 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 45,706 छात्र और 33,889 छात्राएं थीं। कुल 73,351 विद्यार्थी परीक्षा में सफल घोषित किये गये हैं, जिनमें 42,143 छात्र और 31,208 छात्राएं पास हुई हैं। पास प्रतिशत की बात करें तो छात्रों का पास प्रतिशत 92.20 रहा है जबकि छात्राओं का पास प्रतिशत 92.09 रहा है। इस तरह छात्रों और छात्राओं के पास प्रतिशत में केवल 0.11% का मामूली अंतर है। हालांकि जारी रिजल्ट में राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से बेहतर रहा है। लड़कियों का रिजल्ट 95.0%, जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.63% रहा है। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 2.37% बेहतर रहा है।

### सीएम हेमंत ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीबीएसइ 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि सीबीएसइ बारहवीं और दसवीं परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जोहार। सीएम ने आगे लिखा कि परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी मैं हार्दिक बधाई देता हूं और जोहार करता हूं।

## 12वीं में झारखंड के 88.16 फीसदी बच्चे पास

**89.47 फीसदी के साथ लड़कियों ने मारी बाजी, 87.05 परसेंट रहा लड़कों का परिणाम**

रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ की ओर से मंगलवार को 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस परिणाम में झारखंड के 88.16 फीसदी बच्चे पास किये हैं। पटना जोन में आने वाले झारखंड के 483 स्कूलों के बच्चे इस बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। वहीं परीक्षा के लिए राज्य में 167 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जारी परिणाम में झारखंड में लड़कियों ने बाजी मारी है। प्रदेश में 89.47 फीसदी लड़कियां सफल हुई हैं। लड़कों के मुकाबले दो फीसदी लड़कियां अधिक पास हुई हैं। परिणाम में छात्रों के पास होने का प्रतिशत 87.05 है।

### राज्य के 49110 छात्र परीक्षा में हुए शामिल



सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए झारखंड से 26937 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। वहीं, छात्राओं की संख्या 22691 थी। इस तरह परीक्षा के लिए प्रदेश से 49628 बच्चे रजिस्टर्ड हुए थे। परीक्षा में कुल 49110 बच्चे शामिल हुए थे। इनमें छात्रों की संख्या 26596 थी। वहीं छात्राओं की संख्या 22514 रही। रिजल्ट में 23151 छात्र परीक्षा पास किए हैं। वहीं छात्राओं के पास होने की संख्या 20143 है। परीक्षा में झारखंड से 43294 स्टूडेंट्स परीक्षा पास किये हैं।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत का मैसेज स्पष्ट : घुस कर मारेंगे

## ■ मोदी ने अपने संबोधन में दुनिया को बता दिया भारत का एजेंडा
## ■ अब हर आतंकवादी हमले का जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' से दिया जायेगा
## ■ भारत को अब न्यूक्लियर ब्लैकमेल से प्रभावित नहीं किया जा सकता है
## ■ भारत के लिए आतंक के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई अब न्यू नॉर्मल है

आजाद सिपाही विशेष

**'ऑपरेशन सिंदूर' के पॉज होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार 12 मई की रात राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में एक तरफ जहां देशवासियों को भरोसा दिया कि आज का नया भारत कितना ताकतवार हो चुका है, वहीं पाकिस्तान के साथ दुनिया को भी संदेश दे दिया कि भारत को अब कोई भी छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं। भारत अब किसी आतंकवादी हमले का जवाब अपने तरीके से देगा, सीधे घर में घुस कर मरेगा। पीएम मोदी ने आतंकियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब बिल में ही छुप कर रहना, बाहर आओगे तो मार दिये जाओगे। भारत ने विश्व को खासकर पकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब हर आतंकी हमला युद्ध माना जायेगा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान को साफ किया कि उसे आतंकवाद को पनाह देना बंद करना पड़ेगा नहीं तो अब उसकी खैर नहीं। पीएम मोदी ने दुनिया से कहा कि पाकिस्तान से किसी तीसरे विषय पर बात नहीं होगी। पीएम मोदी ने देश को भरोसा दिलाया कि जब तक सब एकजुट हैं, तब तक ऐसे मजबूत फैसले लिये जाते रहेंगे और देश किसी भी मुश्किल से निपटने में समर्थ है। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अब आतंकवाद को और नहीं सहेगा। हर आतंकवादी घटना के खिलाफ लड़ने में देश सक्षम है और इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस लड़ाई में देश में बने स्वदेशी हथियार सेना और सुरक्षाबलों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर आतंकी जान चुका है कि हमारी बहन बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने उनके ठिकाने उजाड़ दिये। पीएम ने साफ किया कि भारत में आतंकियों के लिए कोई जगह नहीं है। अगर आतंकी भारत को नुकसान पहुंचायेंगे, तो भारत दुनिया के किसी भी कोने में उन्हें ढूंढ़कर मारेगा। पीएम मोदी के इस संबोधन में भारत की ताकत, हिम्मत और पराक्रम का तेज शामिल था, तो दुनिया के लिए सख्त संदेश भी। क्या है मोदी के संबोधन के असल मायने, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

*हित-वचन नहीं तूने माना,*
*धैर्य का मूल्य न पहचाना,*
*तो ले, मैं भी अब जाता हूं ,*
*अंतिम संकल्प सुनाता हूं।*
*याचना नहीं, अब रण होगा,*
*विनाश हां अब अंतिम*
*महाविनाश होगा*

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सेना के पराक्रम और शौर्य को सराहते हुए देश की बहन-बेटियों के माथे से सिंदूर छीनने वालों को सख्त संदेश दिया। साथ ही कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नयी लकीर खींच दी है, एक नया पैमाना, एक न्यू नॉर्मल तय कर दिया है। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्पष्ट संदेश देकर भारत की दशा और दिशा तय कर दी है।

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद पीएम मोदी ने सोमवार को अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान और आतंकवाद के साथ दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि ये नया भारत है। पीएम ने पहलगाम हमला, 'ऑपरेशन सिंदूर', सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपनी बात रखी। इस तरह साफ शब्दों में कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें जड़ से मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गये हैं। आगे आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा, अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। साथ ही कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे, हम पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेंगे। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा, उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने नया आयाम जोड़ा है। इस तरह से पीएम मोदी ने बता दिया है कि पाकिस्तान और उसने अपनी आतंकी गतिविधियां बंद नहीं कीं तो इससे भी ज्यादा गहरी चोट देने का काम करेंगे।

पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए संदेश दिया कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ही होगी। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ स्थगित किया गया है। पाकिस्तान ने अपनी आतंकी गतिविधियां बंद नहीं की, तो इससे भी ज्यादा गहरी चोट देने का काम करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी ने खुद बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने 10 मई की दोपहर को भारत के डीजीएमओ को फोन करके युद्ध विराम की गुहार लगायी थी। इस तरह पीएम मोदी ने ट्रंप के द्वारा किये जा रहे दावे की भी हवा निकाल दी।

### देश के संयम और सामर्थ्य पर जोर

पीएम मोदी ने साफ किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक कर भारत ने अपना सामर्थ्य दिखाया। इसमें राजनीतिक फैसले और सैन्य तकनीक, दोनों सामर्थ्य शामिल थे। इस दौरान भारत ने संयम बरता, यानी भारत ने न किसी सैन्य ठिकाने पर हमला किया और न ही आबादी के इलाके में।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है

पीएम मोदी ने 'अखंड प्रतिज्ञा' शब्द का इस्तेमाल यह जाहिर करने के लिए किया कि भारत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की अपनी नीति जारी रखेगा। उन्होंने ये भी कहा, हमने पाकिस्तान में जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, यानी 'ऑपरेशन सिंदूर' एक स्थायी नीति है। अगर कोई आतंकी हमला हुआ, तो भारत फिर से मिलिट्री एक्शन लेगा।

### भारत का न्यू नॉर्मल है घुस कर मारेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया, बल्कि पाकिस्तानी पंजाब प्रांत के बहावलपुर में आतंकी मसूद अजहर का ठिकाने पर भी हमला किया गया। ये लोकेशन बॉर्डर से 100 किमी अंदर है। 1971 के युद्ध के बाद पहली बार भारत ने पाकिस्तान के अंदर हमला किया। यानी भारत अब घुस कर मारने में विश्वास करता है। आम तौर पर अमेरिका जैसे बड़े देश ही अपने ऊपर किसी खतरे के खिलाफ 'प्रिवेंटिव स्ट्राइक' यानी खतरे को पहले ही खत्म करने के लिए ऐसे हमले करते रहे हैं। इस तरह के हमले से भारत-पाकिस्तान में बड़ी जंग होने का खतरा था। इसके बावजूद जवाबी हमला करने का फैसला लिया गया।

### पाकिस्तान को लेकर दुनिया को चेताया

पीएम मोदी ने अपने भाषण में 'ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज' शब्द का इस्तेमाल करते हुए ये बताया कि पाकिस्तान दुनिया में आतंकी हमलों का बड़ा सोर्स है। पीएम ने अपने भाषण में अमेरिका के 9/11 हमले और लंदन में हुए बम विस्फोट का जिक्र किया। वह दुनिया को याद दिला रहे थे कि 9/11 हमले का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के एबटाबाद में ही छिपा था। दो मई 2011 को अमेरिका ने उसको वहीं मार गिराया था। इसी तरह सात जुलाई 2005 को लंदन की मेट्रो ट्रेन में बम धमाके करने वाले आतंकियों ने पाकिस्तान के मुरीदके में ही ट्रेनिंग ली थी। इन हमलों में 56 लोग मारे गये थे और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा

पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि भारत अब न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद जैसे ही चर्चा फैली कि भारत सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कोई जवाबी हमला कर सकता है, पाकिस्तान के तमाम नेताओं ने परमाणु बम और मिसाइलों से हमला करने की धमकी देनी शुरू कर दी थी। पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा था कि हमारे 130 न्यूक्लियर मिसाइल के निशाने पर भारत है। दरअसल, भारत का न्यूक्लियर पॉलिसी 'नो फर्स्ट यूज' की है, यानी भारत कभी पहले परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। वहीं पाकिस्तान की घोषित नीति है कि अगर वो किसी युद्ध में पिछड़ता है कि वो खुलकर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। पीएम मोदी ने अपने भाषण में साफ कर दिया है कि विरोधाभासी नीतियों से उपजी न्यूक्लियर अटैक की धमकी से नहीं डरेगा। अगर भारत को कोई सैन्य कार्रवाई करनी हुई तो वो न्यूक्लियर अटैक की धमकी से पीछे नहीं हटेगा।

### भारत ने पाकिस्तान को करारी चोट दी

पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने पाकिस्तान को करारी चोट दी। उन्होंने संदेश दे दिया है कि भारत अब 'शांतिदूत' की उपाधि हासिल करने के लिए जीती हुई जमीन वापस नहीं करेगा और न ही शिमला समझौता जैसा शांति समझौता ही करेगा, जैसा कि कांग्रेस के शासनकाल में हो चुका है।

### भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम महाविनाश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोंस, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आयेगी।' पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

### हमारे पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक

आज हमारे पास नयी टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नयी टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गयी है।

### मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान

यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है। पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गये। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। सर्जिकल स्ट्राइक में देखा, एयरस्ट्राइक में देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। कल भी कहा था कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिये हैं। भारत पर आतंकी हमला हुआ तो अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

# मुख्यमंत्री हेमंत से विश्व भारती जनसेवा संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंगलवार को विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का



गठन और राज्य सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किये जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।

# अब याचना नहीं रण होगा : चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन का समर्थन करते हुए इसे नये भारत का दृढ़ निश्चय बताया है। अपने एक्स पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान से कोई भी बातचीत



केवल पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी।
मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाले आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा जायेगा, चाहे सीमाएं बीच में हों या नहीं। प्रधानमंत्री ने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों के नाम पर भारत को ब्लैकमेल नहीं किया जा सकता। आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, और अब पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेंगे, यह बयान उन्होंने दृढ़ता से दिया।
सोरेन ने कहा कि यह कोई कोरी घोषणा नहीं, बल्कि भारत की नयी रणनीतिक सोच है, जिसे पूरी दुनिया ने हाल के दिनों में देखा है। हमारी सेनाएं देश की सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम हैं। अब याचना नहीं, रण होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.57 बजे |



# डीपीएस रांची का सीबीएसइ 12वीं में रहा शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपनी मेधा शक्ति का असाधारण प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ, नयी दिल्ली के कक्षा बारहवीं (2024-25) बोर्ड की परीक्षा में उल्लेखनीय परिणाम के साथ सामने आये हैं। वैष्णवी स्वधा (ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम) ओवरऑल टॉपर ने बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स में 99.6 प्रतिशत स्कोर हासिल करके इतिहास रच दिया है जबकि तेजस तनय ने साइंस स्ट्रीम में 98.4 प्रतिशत प्राप्त किया एवं निधि बसंत प्रकाश 97.8 प्रतिशत के साथ कॉमर्स स्ट्रीम की टॉपर रहीं।

विदित हो कि कुल 783 विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किया, 363 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया एवं 563 छात्रों ने 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किया। इसी के साथ-साथ 131 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा ने अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## सीबीएसइ 10वीं के परिणाम घोषित : अतुल्य श्रेष्ठ 99.2 प्रतिशत अंक लाकर डीपीएस रांची की टॉपर



**रांची (आजाद सिपाही)।** अपनी मेधा शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ दसवीं की परीक्षा 2025 में विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को दोहराते हुए अपना परचम लहराया है जिसका परिणाम 13 मई 2025 को घोषित किया गया। इस अवसर पर अतुल्य श्रेष्ठ 99.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय की टॉपर बनीं। परीक्षा में बैठने वाले 381 विद्यार्थियों में 76 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, 179 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया जबकि 270 ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 20 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के टॉपर अतुल्य श्रेष्ठ ने अपनी सफलता का श्रेय डीपीएस रांची के शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा ने विद्यार्थियों के सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। अपने उद्गार में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता यहां के शिक्षकों और छात्रों द्वारा किये गये निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल : 12वीं के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय

## उत्कर्ष भारत 98.20%के साथ स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसइ बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। उत्कर्ष भारत 98.20% अंक लाकर स्कूल टॉपर बने, जबकि सक्षम गोयल ने 97.60% अंक और अपूर्व गौरव ने 97% अंक प्राप्त किये। इसके अलावा वैष्णवी सिंह ने 96.2%, शानवी स्नेहल ने 96%, सिमरन ने 95.8%, जयवर्धन जायसवाल ने 95.6%, अन्वेषा अग्रवाल ने 95%, शिवम ठाकुर ने 94.4%, तनिश रंजन ने साइंस स्ट्रीम में 94.4%, तनिश खेतान ने कॉमर्स स्ट्रीम में 94.2% और प्रीति अग्रवाल ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 94.2% अंक प्राप्त किये। विद्यालय के 46 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। 11 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100% और 434 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया और बधाई दी। उन्होंने बच्चों को भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं दीं।





## सरला बिरला स्कूल का दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया है। राशि बिंजराजका 99% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनीं, जबकि अनंत सिन्हा, ध्रुव भारतीय, अनिकेत आनंद कुमार और विनायक कुमार ने 98.4% अंक प्राप्त किया। 87 छात्रों ने कुल मिलाकर 90% से अधिक अंक प्राप्त किये और 581 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं और 12वीं में उम्दा प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 12वीं में विद्यालय की वैदेही 98.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनीं। 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 203 परीक्षार्थियों में 95 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले।

टेंडर हार्ट स्कूल की प्राचार्या उषा किरण झा ने इस अद्वितीय सफलता पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को दिल से बधाई देते हुए बताया कि यह परिणाम केवल अंकों की जीत नहीं है, यह हमारे विद्यार्थियों की तपस्या, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के विश्वास की जीत है। टेंडर हार्ट हर वर्ष नयी ऊंचाइयों को छू रहा है और इस निरंतर प्रगति ने हमें देश के अग्रणी विद्यालयों की पंक्ति में ला खड़ा किया है।

### 12वीं का परिणाम

| 12वीं (विज्ञान) | 12वीं (आर्ट्स) |
|---|---|
| अनिमेष झा - 97.2 | वैदेही - 98.4 |
| लिंकन राज अमन - 96.6 | कृति - 97.4 |
| विग्नेश - 93.6 | निकिता कुमारी- 95 |
| प्रियांशी - 93.4 | एंजेल मुंडा - 94 |
| प्रियांशी वर्मा - 92.6 | पवन कुमार ठाकुर - 93.8 |

### 10वीं में अंकित गुप्ता 98.4 प्रतिशत अंक लाकर बने स्कूल टॉपर




10वीं में अंकित कुमार गुप्ता स्कूल टॉपर बने। उन्हें 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 405 विद्यार्थियों में 154 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले।

**10वीं का परिणाम**

अंकित कुमार गुप्ता - 98.4
प्रतीक राज -98.2
सौम्या राज सिंह - 98.2
साक्षी प्रिया - 98
स्वरित कुमार - 97.4

# विकास विद्यालय ने कक्षा 10 और 12 में लगातार 100% परीक्षा परिणाम हासिल किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकास विद्यालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं में लगातार 100% परीक्षा परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता की एक नयी मिसाल कायम की है। पिछले 9 वर्षों से विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो इसकी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षण पद्धति को दर्शाता है। इस वर्ष कक्षा 12 में 22 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, कक्षा 12 में विद्यालय के टॉपर राम प्रसाद लाइक ने 91% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अश्वस्त राज और भूमि कुमारी ने 90% अंकों के साथ साझा किया, जबकि रोनित कुमार ने 89% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 10 में 49 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, अब्दुल मजीद कौसर ने 95% अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियम राज ने 92.2% अंकों के साथ हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान शौर्य स्वरूप और स्नेहा शैली ने 91% अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य पीएस कालरा ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का मूल आधार बताया।

विकास विद्यालय की यह निरंतर 9 वर्षों से 100% परीक्षा परिणाम की परंपरा इसकी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली को दर्शाती है और आने वाले वर्षों में और भी शानदार उपलब्धियों की आशा जगाती है।




## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने सीबीएसइ एआइएसएससीइ में दिखाया शानदार प्रदर्शन

# कॉमर्स स्ट्रीम के रुद्र राज ने 98.8% अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची को यह गर्व के साथ घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि सीबीएसइ ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (एआइएसएससीइ) 2025 (12वीं) में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। यह अद्वितीय उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और समर्पण का प्रतिफल है, जिसे विद्यालय के सुदृढ़ शिक्षण वातावरण ने और सशक्त बनाया। कॉमर्स स्ट्रीम के रुद्र राज डॉन ने 98.8% अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। मानविकी संकाय की स्मृति राय ने 98.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि साइंस स्ट्रीम के अतुल आनंद और मानविकी की तनमयी सरकार ने 98% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस वर्ष कुल 529 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इनमें से 10 छात्रों ने 95% से अधिक, 47 छात्रों ने 90% से अधिक, 392 छात्रों ने 80% से अधिक, और 507 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये।

**साइंस स्ट्रीम (पीसीएम) के शीर्ष छात्र**

अतुल आनंद (98%), अंशिका शर्मा (95%), मयंक कुमार साहू (93.6%), ऋषव कुमार चौधरी (93%), सृजन राज गुप्ता (92.4%), चारू (91.4%), आशीष कुमार साह (91.2%), अशिष कुमार साह (91.2%), अनीश कुमार राय (90.6%) और तनिष्क मिश्रा (90%)।


**कॉमर्स स्ट्रीम के शीर्ष 10 छात्र**

रुद्र राज डॉन (98.8%), श्रेया पुर्बे (94.6%), सलोनी सिंह (93%), अनुज कुमार विजय (92.4%), कुमार रक्षित (92.2%), आयुष कुमार सिंह (92%), रमन माकर (92%), लकी कुमारी (91.8%), आकाश कुमार साहू (89.2%) और सायन मोदी (88.8%)।

इस वर्ष कुल 53 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जो उनकी विषयगत दक्षता और शैक्षणिक श्रेष्ठता का परिचायक है।

ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी छात्रों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अगले कदम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके अकादमिक कौशल, आलोचनात्मक सोच और विद्यालय के सकारात्मक शिक्षण परिवेश का परिणाम है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि स्कूल हमेशा छात्रों के साथ खड़ा रहेगा।

विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।




## 10वीं परीक्षा में 98.6% अंकों के साथ श्रेया गुप्ता विद्यालय टॉपर बनीं




**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची को गर्व है कि उसके विद्यार्थियों ने सीबीएसइ एआइएसएससीइ 2025 (कक्षा 10वीं) की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। श्रेया गुप्ता ने 98.6% अंकों के साथ विद्यालय टॉपर बनकर अपनी मेहनत और लगन का प्रमाण दिया। उनके बाद निकिता कुमारी महतो ने 98.2% और अभिषेक कुमार ने 97.6% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किये। अदिति सिंह और सलोनी कुमारी ने 97% अंक हासिल किये। कुल 311 छात्रों में से 73 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये, जो विद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता के माहौल को दर्शाता है। कई छात्रों ने विषयवार शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी गहराई और विषय पर पकड़ साबित की।

**विषयवार उच्चतम अंक इस प्रकार**

अंग्रेजी : 98, हिंदी : 98, संस्कृत : 99, गणित : 100, विज्ञान : 100, सामाजिक विज्ञानः 99, आइटी : 100।

ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अकादमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर ने इस उत्कृष्ट परिणाम को विद्यालय की सशक्त नेतृत्व, टीम भावना, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों की कठिन मेहनत का सम्मिलित परिणाम बताया।


## संत माइकल्स स्कूल के छात्रों का 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# कीर्ति उपाध्याय 86.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) 12वीं की विज्ञान संकाय परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ, जिसमें संत माइकल्स स्कूल जाजपुर के शत-प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा कीर्ति उपाध्याय 86.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान, मान्या कुमारी 85.40% प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान पर मुस्कान ने 83.60% प्रतिशत अंकों के साथ अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा फल को लेकर विद्यालय छात्रों के बीच काफी खुशी एवं उत्साह का माहौल देखा गया। छात्रों ने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया।

छात्रों के उम्दा प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों ने फिर से साबित किया कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है, भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जताते हुए छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की शिक्षिका संगीता सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संत माइकल्स स्कूल अपने छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, संसाधन और समर्थन प्रदान करके उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने सफलता का श्रेय मेहनती शिक्षकों, समर्पित अभिभावकों और लगनशील छात्रों को दिया।




## संत माइकल्स स्कूल के छात्रों का दसवीं में शानदार प्रदर्शन




**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) दसवीं की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ, जिसमें संत माइकल्स स्कूल जाजपुर, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्साहवर्धक रहा। इस बार परीक्षा में कुल 295 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 62, 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 168 एवं 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 233 है।

**इन्होंने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

- प्रथम स्थान - स्नेहा - 98%
- द्वितीय स्थान - अक्षित कुमार - 97%
- तृतीय स्थान - आस्था पराशर - 96.6%
- चतुर्थ स्थान - गौरी प्रांजल - 96.4
- पंचम स्थान - गौरव कुमार चौरसिया - 96.2%

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## कैंब्रियन स्कूल कांके रोड : 12वीं का परीक्षाफल शानदार रहा

# राजप्रिया, मान्या और आस्था बनीं स्कूल टॉपर






MANYA BARANWAL 11.09.2023 | AISHWARYA KUMARI 11.09.2023 | SONALI KUMARI 11.09.2023 | ASTHA CHOUDHARY 11.09.2023

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की बारहवीं का परीक्षाफल शानदार रहा। राजप्रिया कुमारी 96 प्रतिशत अंकों के साथ ह्यूमैनिटीज, मान्या वर्नवाल 95 प्रतिशत अंकों के साथ साइंस और आस्था चौधरी 91 प्रतिशत अंकों के साथ कॉमर्स संकाय की टॉपर बनीं। साइंस संकाय में ऐश्वर्या कुमारी 91 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय जबकि सोनाली कुमारी 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। ह्यूमैनिटीज में साक्षी सिंह 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और तान्या सिंह 85 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कॉमर्स संकाय में अनुष्का गहलोत और सुप्रिया गाड़ी 90 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शिवम प्रताप सिंह 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

इस सत्र में सभी संकायों को मिलाकर 234 विद्यार्थी बारहवीं की परीक्षा में शामिल हुए जिनमें फाइन आर्ट्स विषय में 29 बच्चों को शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन, अभिभावकों की प्रेरणा और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## 10वीं की परीक्षा में अमन कृष्ण कुमार और संकेत सुमंत बने दसवीं में स्कूल टॉपर



AMAN KRISHNA KUMAR 11.09.2023 | SANKET SUMANT 11.09.2023 | ISHANT NATH SHAHDEO 11.09.2023 | ALOK RAJ 11.09.2023

रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की दसवीं की परीक्षा में बच्चों का परीक्षाफल शानदार रहा। संकेत सुमंत और अमन कृष्ण कुमार 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दसवीं के टॉपर बने। इशांत नाथ शाहदेव 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आलोक राज 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अभिनव कर्मकार 95 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ और आद्या पांडेय और वेद शर्मा 93 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। मोहम्मद अयान 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ छठे, सात्विक मलिक और रागिणी कुमारी 92 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें, मान्या मित्तल 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ आठवें, शांभवी मिश्रा और अनुष्का कुमारी 90.2 अंकों के साथ संयुक्त रूप से नौवें, अस्तित्व कश्यप 90 प्रतिशत अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे। विद्यालय के 20 से अधिक बच्चों ने 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# सीबीएसइ 12वीं बोर्ड के रिजल्ट में गोल के छात्रों ने दिखाया दम

आजाद सिपाही संवाददाता




अनुष्का सिंह 96% मार्क्स | फराज अहमद 94.8% मार्क्स | अम्बर रमानी 94.8% मार्क्स | आकृति कुमारी 94.6% मार्क्स | सिद्धी अग्रवाल 94.4% मार्क्स

**पटना।** मंगलवार को सीबीएसइ बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षाफल घोषित कर दिये गये हैं। अच्छे रिजल्ट से उत्साहित गोल इंस्टीट्यूट के छात्र एवं छात्राओं ने जमकर सफलता का उत्सव मनाया। इस परीक्षा में 96% अंक प्राप्त करने वाली अनुष्का सिंह ने कहा कि 10वीं पास करने के बाद मैं असमंजस में थी कि आगे की तैयारी के लिए किस इंस्टीट्यूट को चुनूं, लेकिन गोल इंस्टीट्यूट से तैयारी करने का निर्णय हमारे जीवन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ निर्णय रहा और हमें बहुत खुशी है कि हमने गोल इंस्टीट्यूट से तैयारी कर बोर्ड और कंपटीशन दोनों में बहुप्रतिक्षित सफलता पायी। गोल एजुकेशन विलेज से तैयारी कर रही अनुष्का सिंह ने बताया कि बोर्ड में अच्छे मॉर्क्स के साथ-साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में उम्मीद है कि पहले प्रयास में ही टॉप मेडिकल कॉलेजों में से एक में दाखिला मिलेगा। अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गोल इंस्टीट्यूट के पूरे टीम को देते हुए अनुष्का सिंह ने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट द्वारा बोर्ड और कंपटीशन दोनों की तैयारी एक साथ इस प्रकार करवायी गयी कि बिना किसी अन्य सहायता के दोनों परीक्षा में एक ही बार में सफलता प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने अपने सफलता के लिए गोल इंस्टीट्यूट के प्रतियोगी माहौल और यहां के शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि गोल इंस्टीट्यूट में कंपटिटीव तैयारी एवं टेस्ट में साथ-साथ पर्सनल केयर के कारण हमने यह सफलता प्राप्त की है। 94.8% स्कोर करने वाले गोल इंस्टीट्यूट के फराज अहमद बताते हैं कि गोल का स्टडी मेटेरियल एवं कंपटीशन के साथ-साथ बोर्ड बेस्ड टेस्ट इस तरह से लिया जाता है कि छात्रों को बोर्ड और कंपटीशन दोनों एक साथ पहले प्रयास में ही निकालना आसान हो जाता है। फराज अहमद बताते हैं की गोल इंस्टीट्यूट के सहयोग से हमने बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ-साथ मेडीकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी पहले प्रयास में ही हमें उम्मीद है कि इस रिजल्ट के साथ अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर अच्छा डॉक्टर्स बनने का सपना पूरा होगा। इसके अलावा गोल के अंबर रमानी 94.8% मार्क्स, आकृति कुमारी 94.6% मार्क्स, सिद्धि अग्रवाल 94.4% मार्क्स, ईशानवी वर्णवाल 93.4% मार्क्स, दीपांशु राज 93.4% मार्क्स, रश्मि रानी 93.2% मार्क्स, नीलकमल 93% मार्क्स, हर्ष कुमार 92.6% मार्क्स, वंशिका सिंह 92% मार्क्स, दिव्यांशु राज 92% मार्क्स, रोबिन शेखर 92.2% मार्क्स, एकलब्य 92.% मार्क्स, आर्य पलक 91.8% मार्क्स, , शिवम कुमार 91.8% मार्क्स, नुबूध हसन चंद 91.6% मार्क्स, प्रियंका कुमारी 91.2% मार्क्स, जया प्रकाश 90.6% मार्क्स, अनीश कुमार 90.6% मार्क्स, चौतन्य सेठ 90.6% मार्क्स, अक्षत प्रताप 90.4% मार्क्स, प्राची अग्रवाल 90.2% मार्क्समार्क्स, एवं कई अन्य छात्रों ने 90% से अधिक मार्क्स लाकर गोल को गौरवान्वित किया है।

## छात्रों की सफलता और मेहनत समस्त गोल टीम की सफलता : प्रबंध निदेशक

सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डॉयरेक्टर विपीन सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता छात्रों का मेहनत एवं समस्त गोल टीम की सफलता है और हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष हमारे छात्र बोर्ड में अच्छे स्कोर के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी सफलता के परचम लहराकर यह सिद्ध करेंगे की गोल इंस्टीट्यूट पूर्वी भारत का नम्बर 1 इंस्टीट्यूट है। छात्रों को बधाई देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेट डॉयरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल इंस्टीट्यूट के 100 से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक स्कोर कर संस्थान को गौरवान्वित किया है और आने वाले नीट के परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर आने की संभावना है। संस्थान के आनंद वत्स ने कहा कि हमारी संस्थान 10वीं पास छात्रों के लिए फाउंडेशन कोर्स एवं 12वीं पास छात्रों के लिए टारगेट कोर्स के माध्यम से मेडिकल एवं इंजिनियरिंग की तैयारी करवायेगी जिसमें छात्रों के प्रतिभा के अनुसार 100% तक छात्रवृत्ति देगी।

## विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया और उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहीं सना प्रवीण ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे सिद्धार्थ ओझा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर रहे सोनू कुमार साहू ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसके अलावा, प्रिया राय ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विद्या रानी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत और लगन रंग लायी है। यह सिर्फ एक शुरूआत है, और आगे भी आप इसी तरह सफलता के शिखर पर पहुंचे, ऐसी मेरी कामना है। उन्होंने कहा कि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीबीएसई बोर्ड की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रही है और विद्यार्थियों का जीवन संवारने का काम कर रही है।

## वीवीपीएस :12वीं के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंगलवार को सीबीएसइ के कक्षा बारहवीं के परिणाम घोषित किये गये।

एक बार फिर वीवीपीएस, रांची के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस वर्ष बारहवीं में विद्यालय के छात्रों (विज्ञान-40, वाणिज्य - 16 ) ने परीक्षा दी, और हर बार की भांति इस बार भी विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम रहा। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर अंशु हुरद्वार (92.4%), द्वितीय स्थान पर आदर्श (91.4) रहे। वाणिज्य संकाय में विकास बैठा ने 92.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर प्रीती (90.8%) रहीं। अन्य उत्कृष्ट अंकों को हासिल करने वालों में से इंग्लिश -95 (सृष्टि कुमारी,अपूर्वादिप एवं विकास बैठा), अंशु हुरद्वार (91 - बायोलॉजी), वैभव चंद्रा (96- फिजिकल एजुकेशन), प्रीती कुमारी, संजना कुमारी, अनिकेत गौतम, विकास बैठा, अंशु हुरद्वार एवं पल्लवी कुमारी (100-पेंटिंग), हितेश (96- आइटी), प्रीती कुमारी (90- बिजनेस स्टडीज), प्रीती कुमारी-91 (अकाउंट्स और प्रीती कुमारी (90 - इकोनॉमिक्स) हैं। प्रधानाचार्या, जया प्रसाद ने सभी विद्यार्थिओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## वीवीपीएस : कक्षा 10वीं के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। वीवीपीएस रांची के छात्रों ने दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। दसवीं कक्षा के स्कूल टॉपर्स रहे हैं। प्रज्जवल (97%), रीतिका( 94 %), सिद्धांत (94%), उज्जवल (91.6%) , मधुमिता ( 91.2), सारांश सिंह (91%), प्रियंका कुमारी,(90.2%)। इस वर्ष परीक्षा देने वाले 116 विद्यार्थिओं में सभी उत्तीर्ण हुए हैं। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों में से हैं - प्रज्जवल (98 - मैथमेटिक्स), रीतिका एवं प्रज्जवल (97 अंग्रेजी), मधुमिता रॉय (94 हिंदी), प्रज्जवल (100- संस्कृत) , उज्जवल (99 - साइंस) प्रज्जवल एवं मधुमिता 94-सोशल साइंस), और सिद्धांत दुबे (99 -आइटी)। प्रधानाचार्या जया प्रसाद ने हर्ष के साथ कहा कि सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। साथ ही इस सफलता का श्रेय उन्होंने विद्यार्थिओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की मेहनत और लगन को दिया।

## आरटीसी के विद्यार्थियों ने दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरटीसी हाइस्कूल पीएचइडी, बूटी, रांची के सीबीएसइ क्लास दसवीं परीक्षा-2025 में 235 विद्यार्थियों में से प्रथम श्रेणी से 109 एवं द्वितीय श्रेणी से 112 पास किया। विद्यालय के खुशी कुमारी 462 अंक लाकर प्रथम स्थान, शिवम कुमार 460 अंक लाकर द्वितीय, साक्षी कुमारी 449 अंक लाकर तृतीय, नवीन कुमार 446 अंक लाकर चतुर्थ एवं शिवानी कुमारी मिश्रा और आयुषी गुप्ता संयुक्त रूप से 445 अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया।

## दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में डीएवी गांधीनगर का शानदार प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के छात्रों ने दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय में सत्यम सागर एवं सुप्रिया कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, आयुष साव एवं ज्योति रानी 92.2 के साथ द्वितीय एवं कुमार गौरव एवं एकलव्य 92.0 के साथ तृतीय वहीं वाणिज्य संकाय में 97.4 अंकों के साथ अमृत गुप्ता प्रथम , 95.6, के साथ सौम्या द्वितीय एवं 92.8 के साथ ईशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

वहीं दसवीं में 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ मो अफ़्फान प्रथम, 96.8 के साथ सरा निसार द्वितीय एवं 96.4 अंकों के साथ विक्रमादित्य एवं माही गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में 43 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं।

छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने कहा कि यह छात्रों एवं शिक्षकों की कठिन मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय की गरिमा के अनुकूल ही यह परिणाम निकला है।

## सेंट्रल एकेडमी बरियातू के 12वीं के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल बोर्ड सेकेंडरी एजुकेशन में मंगलवार को 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। सेंट्रल एकेडमी बरियातू रोड रांची के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। इस स्कूल का रिजल्ट 100% संतोषजनक है। 12वीं की परीक्षा में सफल छात्रों में 100% प्राप्त लाया है। प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य ने सफल छात्र-छात्राओं को संतोषजनक रिजल्ट के लिए बधाई दी उन्होंने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल : सीबीएसइ 12वीं के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षा भविष्य की वह नींव है, जिसका निर्माण मजबूती से करना होता है। इसके पीछे अटूट लगन, अथक प्रयास, निरंतरता एवं उचित मार्गदर्शन आवश्यक है। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने सकारात्मक सोच के साथ अपनी अंतर्निहित क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर और विशेषज्ञ शिक्षकों के निर्देशन एवं संरक्षण में एक नया इतिहास रचकर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार को गौरवान्वित किया है। छात्रों की सफलता में उनके अथक परिश्रम के साथ-साथ शिक्षकों का एवं अभिभावकगण का भी अन्यतम सहयोग रहा है। जिन्होंने मध्यम स्तर के छात्रों को अलग से समय देकर उनकी अंकों की गुणवत्ता बढ़ा दी। 62 बच्चों ने बारहवीं की परीक्षा दी थी जिसका परिणाम शत प्रतिषत रहा।

विद्यालय की डायरेक्टर रंजना स्वरूप ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो हमें ज्ञान, उच्चतम सा ेच और सकारात्मकता की ओर बढ़ाती है। विद्यालय के छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### स्कूल टॉपर

साइंस - विनायक सिंह - 90 प्रतिशत

कॉमर्स - फाहिमा अहमद - 94.6 प्रतिशत, कनक तोषावर - 91.6 प्रतिषत, हर्ष राज - 90.2 प्रतिशत

आर्ट्स - सृजा मिंज - 92.4 प्रतिशत

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW


## महत्वपूर्ण खबरें

### ऑक्सफोर्ड स्कूल की तन्मयी सरकार को 12वीं आर्ट्स में 97.8 प्रतिशत अंक मिला



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा तन्मयी सरकार ने सीबीएसइ 12वीं (आर्ट्स) बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हैं। तन्मयी के पिता देबाशीष सरकार और माता पूर्वा सरकार ने बेटी की सफलता पर खुशी जतायी है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी तन्मयी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### अखाड़ा संस्कृति को बचाना जरूरी : पद्मश्री मुकुंद नायक



रांची (आजाद सिपाही)। संस्कृति कार्य निदेशालय कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से पांच दिवसीय जनजातीय एवं क्षेत्रिय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन राम लखन सिंह यादव कॉलेज में किया गया। मंगलवार को समापन समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक, सांसद महुआ मांझी, विधायक सीपी सिंह, प्राचार्य डॉ बिष्णुचरण महतो, संतोष महतो, संजीव विजयवर्गीय, सुदेश महतो, राजाराम महतो, अजीत मुंडा, मनीष टुडू, सुष्मिता टोप्पो, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि अखाड़ा संस्कृति को बचाना जरूरी है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड में इस तरह के आयोजन हर कॉलेज में होने चाहिए।

### सफल विद्यार्थियों को अजय राय ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से अजय राय ने मंगलवार को सीबीएसइ द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अनुशासन का प्रतिफल है। परीक्षा पास करना केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करना है। हम सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

### आजसू छात्र संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा मांग पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू छात्र संघ ने मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें छात्रों की समस्याओं को उजागर करते हुए चार प्रमुख मांगें रखी। छात्र संघ का कहना है कि विश्वविद्यालय में कोर्स फीस में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन उसी अनुपात में छात्रों को मूलभूत शैक्षणिक और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। छात्र संघ के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन हमारी मांगों पर जल्द कार्रवाई न हुई तो छात्रों को आगे कठोर कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। छात्रों की आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता।आजसू छात्र संघ छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाता रहेगा। इनकी प्रमुख मांगों में कहा गया है कि कोर्स फीस में यथोचित कटौती की जाए, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी शिक्षा का समान अवसर मिल सके। फीस के अनुपात में सुविधाएं बढ़ाई जाएं। टेक्निकल विषयों के लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, जिससे छात्रों को व्यवहारिक और आधुनिक शिक्षा मिल सके। शिक्षकों की संख्या में वृद्धि की जाए, ताकि कक्षाओं की गुणवत्ता बेहतर हो और प्रत्येक छात्र को पर्याप्त मार्गदर्शन मिल सके।

### श्री श्याम मंदिर में 153वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से मंगलवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में संगीतमय 153 वां श्री सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ हुआ। मंदिर में सुबह में दैनिक पूजा के बाद भोग चढ़ाया गया। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। संगठन की ओर से शाम में यजमान छोटन कुमार द्वारा अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाने के बाद पाठ आरंभ हुआ। पाठवाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने श्री गणेश वंदना के बाद संगीतमय पाठ आरंभ किया। श्रद्धालुओं ने एक सस्वर पाठ किया। पाठ के समापन पर आरती हुई। संगठन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर नारी सम्मान और राष्ट्र सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम

# भारत अब आतंक के विरुद्ध नयी रीति और नयी नीति के साथ खड़ा है : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम दिये गये प्रेरणादायक संबोधन ने देश के प्रत्येक नागरिक के मन में गर्व और विश्वास की भावना को और सुदृढ़ किया है। उक्त बातें महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का राष्ट्र को संबोधन मात्र एक संदेश नहीं था, वह भारत की चेतना, आत्मबल और आतंक के विरुद्ध निर्णायक नीति की हुंकार थी। ऑपरेशन सिंदूर भारत की उन माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए है, जिनका अपमान आतंकियों द्वारा किया गया। आज भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अब नारी सम्मान की रक्षा केवल शब्दों में नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई के जरिए की जायेगी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह न्याय की उस अखंड प्रतिज्ञा का नाम है जिसे भारत ने निभाया है। हमारी सेना ने जिस पराक्रम और संकल्प के साथ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया है, वह पूरी दुनिया के लिए एक संदेश है कि भारत अब आतंक के विरुद्ध नयी रीति और नयी नीति के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके ) पर ही केंद्रित होगा। यह नया भारत है जो न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा करना जानता है, बल्कि अपने दुश्मनों को उनके ही घर में जवाब देना भी जानता है।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हमें अपनी सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने अपने अद्वितीय शौर्य से देश का गौरव बढ़ाया है और भारत के दुश्मनों के दिलों में दहशत भर दी है। प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में भारत अब सहन नहीं, बल्कि जवाब देता है। वह भी अपने तरीके से, अपने समय पर।

# भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा रांची महानगर द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा 14 मई को निकाली जायेगी। इस यात्रा में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के वीर जवानों का हौसला बढ़ाना और आभार व्यक्त करना है। यह यात्रा जिला स्कूल मैदान (शहीद चौक) से भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल (लालपुर) तक निकाली जायेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार को सुबह 8 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के 14 मई को सुबह 10 बजे रांची जिला स्कूल मैदान (शहीद चौक) से भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल (लालपुर) निकाली जायेगी। भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होने की उम्मीद है।



# केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के आवेदन पर आशा लकड़ा ने रैंप निर्माण पर रोक लगाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के संयुक्त प्रयास से केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रोक लगा दी है। उक्त निर्णय मंगलवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा और विभिन्न आदिवासी संगठनों के सदस्यों के साथ हुई बैठक में लिया गया। आयोग के सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने राज्य सरकार को स्पष्ट कहा है कि जब तक आयोग की जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक रैंप में किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं होगा और न ही उद्घाटन होगा। केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति ने इस मामले को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया था। उन्होंने रांची जिला प्रशासन, प्रशासक, राज्यपाल और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य से मिलकर मांग पत्र सौंपा था। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज के साथ राज्य सरकार ने कुठारघात किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा इस मामले को संज्ञान लेने से आदिवासी समाज में एक आशा जगी है और हमें विश्वास है कि हमारा धार्मिक स्थल सुरक्षित होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के मुख्य पहान जगलाल पहान, महादेव टोप्पो सहित अन्य आदिवासी समाज के अगुआ उपस्थित थे।




# झारखंड के 1161 सरकारी शिक्षकों को शोकॉज

आजाद सिपाही संवाददाता

**समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग पूरा नहीं करने पर शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा**

**रांची।** झारखंड के 5 जिलों के 1161 शिक्षकों को समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग पूरा नहीं करने पर शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा है। इनसे 25 मई तक जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। जिन शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है, वे रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिलों के हैं। सबसे ज्यादा शिक्षक रांची जिले से हैं। रांची से 417 शिक्षक, गुमला से 293 शिक्षक, सिमडेगा से 164, खूंटी से 160 और लोहरदगा से 127 शिक्षक शामिल हैं।

दक्षिणी छोटानागपुर के इन जिलों के पहली से आठवीं तक के शिक्षकों को 1 अप्रैल से जे-गुरुजी ऐप के माध्यम से 24 घंटे की ऑनलाइन ट्रेनिंग करने का निर्देश दिया गया था। बाद में ट्रेनिंग पूरी करने के लिए 7 दिन का अतिरिक्त समय भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद 1161 शिक्षक अब तक ट्रेनिंग पूरी नहीं कर पाये।

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि यह आचरण विभागीय आदेश की अवहेलना है। सभी डीइओ और डीएसइ को निर्देश दिया गया है कि ऐसे शिक्षकों से स्पष्टीकरण लें और विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजें। इन शिक्षकों से 25 मई तक हर हाल में जवाब लिया जायेगा। समय पर स्पष्टीकरण नहीं देने या जवाब असंतोषजनक होने पर कठोर कदम उठाये जा सकते हैं।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग में जीनल एन गाला प्रभारी नियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग में जीनल एन गाला को प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। जीनल गाला अब झारखंड में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मामलों से जुड़ी रणनीतियों और गतिविधियों का नेतृत्व करेंगी। वह झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय के बीच पार्टी की पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए काम करेंगी। इस नियुक्ति को झारखंड में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करने के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### सेल सिटी में खड़ी कार में लगी आग

रांची। पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में कार में अचानक आग लग गयी। आग की वजह से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी। सेल सिटी में एक कार पार्क की गयी थी। जिसमें अचानक से आग लग गयी। आग लगने की वजह से सेल सिटी में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गयी। सेल सिटी के हाउस गार्डों ने तुरंत पाइप को टंकी से जोड़ कर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तबतक कार पूरी तरह जल गयी।

## संस्थान के निदेशक अरविंद राजगढ़िया और केंद्र निदेशक रूपक सिंह ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

# अनएकेडमी ऑफलाइन केंद्र के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में सफलता का परचम लहराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनएकेडमी ऑफलाइन केंद्र, एसओपी डोरंडा एवं जेल मोर, अपने छात्रों के सीबीएसइ कक्षा 10 एवं कक्षा 12 -2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन की घोषणा की। इस परीक्षा में कुल 55 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 16 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये, जो केंद्र में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता और मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अरविंद राजगढ़िया एवं केंद्र निदेशक रूपक सिंह ने बच्चों को शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र अपनी जबरदस्त मेहनत और समर्पण का परिचायक हैं, जो अनएकेडमी ऑफलाइन केंद्र में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। इन छात्रों की सफलता केंद्र में अपनाये गये व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण, कड़ी अध्ययन योजनाओं और विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा दिये गये मार्गदर्शन की प्रभावशीलता को दर्शाती है। अनएकेडमी ऑफलाइन केंद्र के बारे में: अनएकेडमी के ऑफलाइन केंद्र देश भर में छात्रों की अकादमिक सफलता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जेल मोर केंद्र यह साबित करता है कि अनएकेडमी अपने छात्रों के भविष्य को संवारने में निरंतर प्रयासरत है। अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: अनएकेडमी ऑफलाइन केंद्र, जेल मोर ब्रांच और एसओपी डोरंडा ब्रांच फोन: 9153994081/ 82/83।



**केंद्र के टॉप प्रदर्शनकर्ता (सीबीएसइ कक्षा 10)**

अर्कनिब्हा: 99.00 प्रतिशत
शौर्यदीप लाला: 98.20 प्रतिशत
आस्था: 96.00 प्रतिशत
मोहित : 96.40 प्रतिशत
संभव : 96.00 प्रतिशत
आर्जव नायक: 94.00 प्रतिशत
सोहम : 95.20 प्रतिशत
फरहान : 95.00 प्रतिशत
पलक: 91.00 प्रतिशत
साशवत: 94.00 प्रतिशत
इशिता : 93.00 प्रतिशत
नंदिनी: 96.00 प्रतिशत
लाभनीता: 90.40 प्रतिशत
वंशिका : 90.00 प्रतिशत

**केंद्र के टॉप प्रदर्शनकर्ता (सीबीएसइ कक्षा 12)**

ध्वनि : 96.20 प्रतिशत
अनुष्का : 96.00 प्रतिशत
अंशुमान : 93.00 प्रतिशत

# पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी, चुटिया, रांची में सोमवार को इंटरनेशनल नर्सेज डे का आयोजन किया गया। आयोजन में पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष सुनील कुमार पुष्कर, मनीषा पुष्कर, सृस्टि पुष्कर, संस्था के प्राचार्या, शिक्षिकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि केपी शर्मा, सुनील कुमार पुष्कर एवं समाजसेवी सुरेंद्र ठाकुर द्वारा दीप जलाकर एवं फ्लोरेंस नाइटएंगल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंटरनेशनल नर्सेज डे, फ्लोरेंस नाइटएंगल के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर एएनएम एवं जीएनएम नर्सिंग के छात्राओं द्वारा इंटरनेशनल नर्सेज डे और नर्सेज के कार्य और उत्तरदायित्वा के बारे में बताया गया। साथ ही साथ छात्राओं द्वारा पोस्टर के द्वारा भी नर्सेज डे के महत्व को दर्शाया गया। इस अवसर पर संस्था के नर्सिंग छात्राओं द्वारा इंटरनेशनल नर्सेज डे पर नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष द्वारा सभी छात्राओं को नर्सेज के उत्तरदायित्वा एवं मानवता के लिए समर्पण भाव को बताया।

# सभी बंद पड़ी 108 एंबुलेंस को 15 दिन में संचालित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**एसीएस अजय कुमार सिंह ने लिया वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अस्पतालों का जायजा**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को राज्य के सभी सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी 108 एंबुलेंस छोटी-मोटी खराबी के कारण बंद हैं, उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार प्राक्कलन के अनुसार राशि उपलब्ध करायी जाये। एंबुलेंस 100 प्रतिशत संचालित होने चाहिये। उन्होंने सभी अस्पतालों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आंकलन कर इसकी सूची विभाग को प्रेषित करने के के निर्देश दिये ताकि मशीनों का क्रय किया जा सके। वहीं जिन अस्पतालों में एक्सरे मशीन नहीं है, उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। एक सप्ताह के अंदर मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सीटी स्कैन और एमआरआइ मशीन पर भी चर्चा की गयी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जहां जगह नहीं है वहां आइपीएच मानक के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराया जाये। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों को सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के स्वास्थ्य केंद्रों के रंग-रोगन एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि एक महीने के अंदर सभी कार्यों को संपन्न करते हुए सभी का फोटोग्राफ अपलोड करें। एक महीने के बाद फिर से कृत कार्रवाई की समीक्षा की जायेगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वांछित राशि उपलब्ध करा दी गयी है।

### कैबिनेट की बैठक कल होगी

**रांची।** झारखंड सरकार की कैबिनेट की बैठक 15 मई को होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से शुरू होगी। उक्त जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। इस बैठक में कई अहम फैसले लिये जाने की संभावना है।


**AFFIDAVIT**

I Girja Devi D/o Khudi Sahu, R/o Vill-Chachkopi Semar toli, Post- Tuko, PS. Bero, Chachkapi, Tuko, Ranchi, Jharkhand-835202 Declare vide affidavit No- 859 dated 28/04/2025 that I am also known by the name Girija Devi. my correct name is Girja Devi and my father's name also known as Arjun Sahu in the village, as per all proof my father also known as Khudi sahu which is correct. my correct name is Girja Devi and father correct name is khudi Sahu.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-25-26-02, दिनांक: 09.05.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, पिन-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: रांची मंडल के अधीन 03 वर्षों के लिए पीसी आधारित एससीएडीए सिस्टम का वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी)। निविदा मूल्य: ₹ 58,08,675.60। जमा बयाना राशि: ₹ 1,16,200। बंद होने की तारीख और समय: 02.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-149)

# छोटी सी आशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन देश के नाम था, लेकिन इसने संदेश पूरी दुनिया को दिया। भारत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बावजूद उसने पाकिस्तान की समझौते की गुहार मान ली, क्योंकि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए हिंदुस्तान का कदम आशा की बहुत बड़ी किरण है।

**आतंक पर होगी बात :** पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान भारत ने अद्भुत संयम का परिचय दिया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी और भारतीय सेनाओं ने उसे ही लक्ष्य किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन से साफ कर दिया कि आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जायेगा। शांति का एकमात्र रास्ता यही है कि पाकिस्तान को अपने टेरर इंफ्रा का सफाया करना होगा। पड़ोसी देश से अब बात होगी तो आतंकवाद और एलओसी पर।

**विकास का लक्ष्य :** पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित और शक्तिशाली भारत की बात की है। देश के सामने सबसे बड़ा लक्ष्य यही है। 2047 तक विकसित मुल्क बनने के लिए पूरी जी-जान लगा कर दौड़ना होगा। क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में नयी आशा जगी है।

> **यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आयी सकारात्मक खबरों का असर रहा कि सोमवार को भारत का निफ्टी इंडेक्स 3.5% से ज्यादा बढ़ा है।**

**यूएस - चीन समझौता :** इसी तरह की एक और आशा है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, भले ही अभी केवल 90 दिनों के लिए ही। डोनाल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी के चलते दोनों देश एक नये ट्रेड वॉर की तरफ बढ़ चले थे। इससे पूरी ग्लोबल इकॉनमी तनाव में थी, भारत भी। अब जब बात हुई है, तो आशा है कि आगे कोई बेहतर हल भी निकल आयेगा।

**रूस-यूक्रेन बातचीत:** एक और सकारात्मक खबर यह रही कि तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह हो सकती है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही इसे लेकर उम्मीदें जग गयी थीं और अब गुरुवार को तुर्किये में दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होने जा रही है।

**सकारात्मक असर:** यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आयी सकारात्मक खबरों का असर रहा कि सोमवार को भारत का निफ्टी इंडेक्स 3.5% से ज्यादा बढ़ा है। ताजा घटनाक्रमों से जब अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्था सुधरेगी, तो बड़े देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकॉनमी यानी भारत पर भी पॉजिटिव असर जरूर होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक समय, भारत में सेना में स्त्रियों को नहीं रखा जाता था। वे अधिक से अधिक डाक्टर, नर्स की भूमिका में होती थीं, तब वे फाइटर प्लेन नहीं उड़ाती थीं। न ही थल सेना में उनकी कोई जगह थी। कोई माने या न माने, जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आये हैं, उन्होंने महिलाओं को रणनीतिक और महत्वपूर्ण भूमिकाएं देने में चाहे वह राजनीतिक हो अथवा सामाजिक, अग्रणी भूमिका निभायी है।**

# सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह : भारतीय बेटियों की हुंकार

क्षमा शर्मा



**भारत ने इन दोनों महिलाओं को प्रस्तुत करके यह भी दिखाया कि यहां स्त्री-पुरुष में कोई भेद नहीं है। यहां तक कि सेना में भी उनकी प्रमुख भूमिका है। इसके अलावा दुनिया के सामने यह प्रस्तुत करना भी है कि यहां हिंदू-मुसलमान का भी कोई भेद नहीं है। जैसा कि पाकिस्तान विश्व पटल पर प्रचार करता रहता है।**

सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह। ये दो नाम जिन्हें सेना ने अपनी प्रेस कांफ्रेंसों में बड़ी भूमिका दी। ये दोनों महिलाएं भारतीय सेना में बड़ी अधिकारी हैं। सोफिया के यहां पीढ़ियों से लोग सेना में हैं। उनके पिता ने कहा कि अपनी बेटी पर गर्व है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। व्योमिका के यहां कोई सेना में नहीं था, लेकिन बताया जाता है कि वह बचपन से ही वायु सेना में जाना चाहती थीं। जब महिलाओं को सेना में परमानेंट कमीशन देने की बात आयी थी, तो उच्चतम न्यायालय ने भी सोफिया कुरैशी की भूमिका को सराहा था। सोफिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर चुकी हैं।

आपको याद होगा कि एक समय, भारत में सेना में स्त्रियों को नहीं रखा जाता था। वे अधिक से अधिक डाक्टर, नर्स की भूमिका में होती थीं। तब वे फाइटर प्लेन नहीं उड़ाती थीं। न ही थल सेना में उनकी कोई जगह थी। कोई माने या न माने, जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आये हैं, उन्होंने महिलाओं को रणनीतिक और महत्वपूर्ण भूमिकाएं देने में चाहे वह राजनीतिक हो अथवा सामाजिक, अग्रणी भूमिका निभायी है। उन्होंने भारत की स्त्री शक्ति को हमेशा सेलिब्रेट भी किया है। इसके बदले में महिलाओं ने हमेशा उनकी झोली को वोटों से भरा है। दशकों से संसद में महिला आरक्षण बिल लटका पड़ा था। उसे इस बहाने या उस बहाने कभी चर्चा में नहीं लाया जाता था, लेकिन सरकार के प्रयत्नों से इसे पास कराया जा सका है।

> **महिलाएं पढ़ें-लिखें, आत्मनिर्भर बनें यह सोच गांव-गांव जा पहुंची है।**

पिछले दिनों अफगानिस्तान का एक वीडियो देख रही थी, जिसमें एक आदमी पाकिस्तान का यह कह कर मजाक उड़ा रहा था कि तुम भारत का क्या कर लोगे। वहां की तो महिलाओं ने ही तुम्हें हरा दिया। हालांकि इस मजाक में यह सोच भी अंतर्निहित है कि महिलाओं के वश का युद्ध मैदान नहीं, चौका-चूल्हा ही है, जबकि वास्तविक रूप में महिलाएं घर भी संभाल सकती हैं, बच्चे भी पाल सकती हैं, उन्हें जन्म भी दे सकती हैं, नौकरी भी कर सकती हैं, अभिनय के क्षेत्र में भी झंडे गाड़ सकती हैं और युद्ध के मोर्चे पर भी सफल हो सकती हैं।

हमारे देश में इंदिरा गांधी 1966 में प्रधानमंत्री बनी थीं, जबकि अमेरिका जो दुनिया को लोकतंत्र और महिला अधिकारों का पाठ पढ़ाता रहता है, वहां आज तक कोई भी महिला राष्ट्रपति नहीं बनी है, बल्कि वोट देने के अधिकार प्राप्त करने तक के लिए वहां महिलाओं को 70 साल तक संघर्ष करना पड़ा था। हमारे यहां तो ऐसा कुछ नहीं करना पड़ा। आजादी के संघर्ष के नायकों ने महिलाओं की शक्ति को बहुत पहले ही पहचान लिया था।

आज भारत में महिलाओं की तरक्की की रफ्तार बहुत तेज है। जिस बड़े मीडिया हाऊस में इस लेखिका ने जीवन भर काम किया, वहां जब नौकरी शुरू की थी, तब उंगलियों पर गिनने लायक महिलाएं थीं और जब वहां से मुक्त हुई तो विभिन्न विभागों में आधी से अधिक महिलाएं उपस्थित थीं। यह एक मौन क्रांति भी है। जिन देशों में महिला अधिकारों की बहुत वकालत होती है, वहां भी शायद ऐसा नहीं है। आज हर जगह बाजारों में, सड़कों पर, हवाई जहाजों में, रेल में, दफ्तरों में, मीडिया में, महिलाएं ही महिलाएं दिखाई देती हैं। वे बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी भूमिकाओं को अंजाम देती हैं। वे आर्थिक विशेषज्ञ हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स हैं, तमाम बड़े केंद्रों की मुखिया हैं। यह कोई मामूली बात नहीं है। यही हमारी शक्ति भी है।

बहुत से मोर्चे ऐसे हैं, जिन पर महिलाओं के लिए अभी और नीतियां चाहिए। जैसे कि उनके प्रति होने वाले तरह-तरह के अपराध। उन्हें बहुत-सी जगहों पर शिक्षा से वंचित करना। मासूम कंधों पर छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी डालना। कम उम्र में विवाह। कम उम्र में मां बनना। बहुत से स्थानों पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होना। आवागमन के साधनों की कमी। लड़कियों के ड्राप आऊट रेटस। महिलाओं के लिए रोजगार की अधिक व्यवस्था। उनके लिए बनाये गये कानूनों का सही तरीके से इस्तेमाल। कानूनों की जानकारी।


हालांकि इन मसलों पर समाज की सोच बदल रही है। महिलाएं पढ़ें-लिखें, आत्मनिर्भर बनें यह सोच गांव-गांव जा पहुंची है। 2001 की जनगणना में बताया गया था कि लड़कियों को पढ़ाना चाहिए, वे रोजगारशुदा हों, इस बारे में एक आम सहमति बन चली है। इसीलिए गांवों और कस्बों से लड़कियां बड़े शहरों की तरफ रुख कर रही हैं। यदि उनके आसपास ही शिक्षा और रोजगार की पर्याप्त सुविधाएं हों, तो शहरों की तरफ माइग्रेशन घट सकता है।

भारत ने इन दोनों महिलाओं को प्रस्तुत करके यह भी दिखाया कि यहां स्त्री-पुरुष में कोई भेद नहीं है। यहां तक कि सेना में भी उनकी प्रमुख भूमिका है। इसके अलावा दुनिया के सामने यह प्रस्तुत करना भी है कि यहां हिंदू-मुसलमान का भी कोई भेद नहीं है। जैसा कि पाकिस्तान विश्व पटल पर प्रचार करता रहता है। हम सब जानते हैं कि युद्ध कोई नहीं चाहता, लेकिन अगर ऊपर आन ही पड़े तो उससे बचा भी नहीं जा सकता। युद्ध में महिलाएं भी बड़ी भूमिका निभा सकती हैं, इसका प्रमाण सोफिया कुरैशी, व्योमिका सिंह और उन जैसी सैंकड़ों महिलाएं ही हैं।

## कोल्हान की खबरें

# माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर आज तीन जोड़ों का विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा दो दिवसीय माधुरी का जन्मदिन बुधवार और गुरूवार (14-15 मई) को साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया जायेगा। मंगलवार को इसकी तैयारियां पुरी करते हुए पप्पू सरदार ने इसकी जानकारी दी।उन्होंने बताया प्रथम दिन यानी बुधवार की शाम चार बजे माधुरी दीक्षित की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा दुकान में पूजा की जायेगी। शाम 6 बजे से महिलाओं की टीम द्वारा शिव चर्चा होगी। रात्रि 10 बजे से जरूरतमंद तीन जोड़ों का सामूहिक रूप से विवाह कराया जायेगा। तीनों जोड़ों के परिजन भी उपस्थित रहेंगें। विवाह के बाद रात 12 बजे कैंक कटिंग का कार्यक्रम होगा। केक कटिंग तीनों नये जोड़ों द्वारा किया जायेगा। दूसरे दिन गुरूवार सुबह 11 बजे करनडीह स्थित चेशायर होम में माधुरी दीक्षित की जन्मदिन पर दिव्यांगों को भोजन कराया जाएगा व उपहार देकर उनके साथ खुशियां बाटेगें। हर साल की तरह इस साल भी 15 मई गुरूवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया जायेगा।

# केसीसी की लाभुक मनु सबर बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल, उन्नत खेती से बदली जीवन की दिशा



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** जुगसाई विधानसभा स्थित पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत अप्पो गांव की रहने वाली आदिम जनजाति सबर समुदाय की महिला मनु सबर ने प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण अभियान और धरती आबा अभियान के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड की सहायता से आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की। परंपरागत खेती पर निर्भर रहने वाली मनु सबर का आर्थिक तंगी के कारण खेती से पर्याप्त आय नहीं हो पाती थी। बीते 28 फरवरी को उन्हें 35 हजार की राशि का किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृत किया गया। इस सहायता से उन्होंने उन्नत बीज, उर्वरक व कृषि संसाधन खरीदे और सब्जी उत्पादन प्रारंभ किया।मनु ने अपने उत्पादों को स्थानीय बाजार और गांव आने वाले व्यापारियों को बेचना शुरू किया। अब उन्हें हर 2-3 दिन में नकद आय प्राप्त हो रही है, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं और छोटे कृषि उपकरण भी खरीद चुकी हैं।उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब अपने समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गयी हैं। मनु सबर की सफलता न केवल प्रधानमंत्री जनमन के उद्देश्यों वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सशक्तिकरण को साकार करती है, बल्कि धरती आबा अभियान के मूल मंत्र धरती से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर भी जीवंत करती है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जमशेदपुर में नागरिक बैनर तले विशाल तिरंगा यात्रा कल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में 15 मई को दोपहर 3 बजे जमशेदपुर में नागरिक बैनर के तले विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा जुबिली पार्क गोलचक्कर से प्रारंभ होगी और पूर्णतः गैर-राजनीतिक स्वरूप में राष्ट्रप्रेम, सैन्य पराक्रम और राष्ट्रीय एकता का संदेश देगी। भाजपा जमशेदपुर महानगर और पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण के संयुक्त समर्थन यात्रा का आयोजन किया जाएगा।जिसमें आम नागरिकों के साथ सामाजिक संगठनों की भागीदारी रहेगी। मंगलवार को आयोजित बैठक में तिरंगा यात्रा को सफल बनाने और ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का संकल्प लिया गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम और वीर सैनिकों के जयघोष के साथ सभी नागरिक तिरंगा लेकर शामिल होंगे।बैठक में पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, अनिल सिंह, जटाशंकर पांडेय, नीरज सिंह, डॉ राजीव, चंडीचरण साव, संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, संजीव सिंह, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, प्रेम झा, नीतीश कुशवाहा, नीलू मछुआ, बिनोद सिंह, संजीत चौरसिया, उज्वल सिंह, अप्पा राव, बिनोद राय, रविन्द्र सिसोदिया, फातिमा शाहीन, पप्पू उपाध्याय, बबलू गोप, युवराज सिंह, सूरज सिंह, दीपक पाल, पवन सिंह, आनंद कुमार, सुदीप डे, चंचल चक्रवर्ती, अजय सिंह, मोहम्मद निसार अहमद, विमलकांत झा, रंजीत सिंह, संजय सिंह मुंडा, रविन्द्र सिंह रिंकू, सत्येन्द्र यादव, जय प्रकाश सिंह, दीपक कुमार, गौर चंद्र पटनायक, कृष्णा शर्मा, मोंटू कुमार सिंह, हेमंत नारायण दास, अनूप दास, पिंटू सैनी, नरेश अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति ने की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति सह विधायक दशरथ गागराई की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई।मंगलवार को बैठक में जिले के विभिन्न सरकारी भवनों और आवासों की वर्तमान स्थिति, मरम्मत कार्य, निर्माण योजनाओं और जनकल्याणकारी आवास योजनाओं का प्रगति पर गहन समीक्षा की गई।मौके पर बीते तीन वर्षों के दौरान सरकारी भवनों व आवासों की मरम्मत, नवनिर्माण अथवा मरम्मति की आवश्यकता से संबंधित विभागीय पत्राचार स्थिति की जानकारी ली गयी। साथ ही भवनों के निर्माण कार्य में अग्नि सुरक्षा एवं तड़ित चालक जैसे सुरक्षा मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, पेयजल शुद्धता, भवनों में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत आपूर्ति व प्रस्तावित सौर ऊर्जा योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गयी। सभापति श्री गागराई ने सरकारी गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी विद्यालयों व छात्रावासों की स्थिति,विगत वर्षों में किए गए मरम्मत कार्यों तथा प्रस्तावित निर्माण योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। वहीं अबुआ आवास योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), अंबेडकर आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कितने लाभुकों का चयन कर लाभान्वित किया गया व जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु विभागीय कार्य योजनाओ का जानकारी ली गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक, उपनगर आयुक्त (जेएनएसी), डीटीओ समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां मुख्य सड़क मार्ग पर बड़बिल गांव के समीप सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में खरसावां के बेहरासाही गांव निवासी 38 वर्षीय जंबू जामुदा की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जंबू जामुदा पेशे से बिजली मिस्त्री थे। विगत कुछ दिनों से वे सरायकेला महिला कॉलेज और आस-पास क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे। बीते रात रोज की तरह कार्य समाप्त कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बड़बिल गांव के पास एक ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।सड़क घटना में जंबू जामुदा गंभीर रूप से घायल होगये थे।ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल एंबुलेंस से सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही पहुची पुलिस जांच में जुट गई।इसकी सूचना परिजनों को दी गई।फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रैक्टर चालक की पहचान व कार्रवाई की प्रक्रिया कर रही है। उधर जंबू जामुदा की असामयिक निधन की सूचना पर उनके परिवार व गांव में शोक की लहर है।

# दीपाटोली निवासी यश राज ने सीबीएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान



**जमशेदपुर/रांची (आजाद सिपाही)।** दीपाटोली चेशायर होम रोड रांची निवासी वंदना प्रियदर्शिनी और डॉ आशीष आनंद के पुत्र यश राज ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यश रांची स्थित सेल कॉलोनी के दिल्ली पब्लिक स्कूल का छात्र है। यश राज ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों में 97% अंक प्राप्त की। अपनी इस सफलता का श्रेय यश ने अपने गुरूजनों के आशीर्वाद, दादा जी के प्रोत्साहन और अपनी मां के मार्गदर्शन को दिया। सदैव अनुशासन और मेहनत में विश्वास रखने वाले यश राज का सपना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आइआइटी से उच्च शिक्षा प्राप्त करना है। यश की इस सफलता पर परिवार के सभी सदस्य, स्कूल और स्थानीय समाज में हर्ष का माहौल है। सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी।

# डीसी ने साप्ताहिक जनता दरबार में समस्याएं सुन दिया कार्रवाई का निर्देश



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मंगलवार को उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में भूमि विवाद, राशन कार्ड सुधार, सड़क अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति, सरकारी बस संचालन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए। कुछ मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी पात्र लाभुकों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

## जिले के सभी आरकेपीएस में दसवीं का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत







### हम सिर्फ पढ़ाते ही नहीं, परिणाम भी देते हैं : अलखनाथ पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा जिले के कई प्रखंडों में संचालित सीबीएसई के दसवीं का रिजल्ट सभी स्कूलों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

सीबीएसई दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम के घोषणा के बाद आरके पब्लिक स्कूल में हर्ष का माहौल है। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि हम सिर्फ पढ़ाते ही नहीं बल्कि परिणाम भी देते हैं। स्कूल का परिणाम जिला ही नहीं, राज्य में भी बेहतर रहता है। उन्होंने परीक्षा परिणाम का श्रेय शिक्षक और अभिभावक के साकारात्मक समन्वय और उनके मार्गदर्शन को दिया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा से इस वर्ष 220, अधौरा श्रीवंशीधर नगर से 29 और उंचरी मझिआंव से 62 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

**आरके पब्लिक स्कूल उंचरी मझिआंव से टॉप फाइव (दसवीं बोर्ड)**

1.प्रीति कुमारी -89.6%
2.कयनात नाज -87.6%
3.बादल कुमार -86.2%
4.आरुषि प्रिया-83.6%
5.रौनक कुमार तिवारी -81.8%

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल के सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

### स्नेहल कुमार दुबे ने 91 प्रतिशत लाकर अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल के सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। सीबीएसई 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जीएन कॉन्वेंट गढ़वा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में कुल 33 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सर्वाधिक स्नेहल कुमार दुबे ने 91% लाकर अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। वहीं उसने अंग्रेजी में 95 फिजिक्स में 86 केमिस्ट्री में 92 और मैथ में 91% अंक लाकर स्थान बनाया और प्राकृतिक कुमार ने दूसरे स्थान पर जगह बनाकर स्कूल में 84% अंक लाया, दीपांशु चौबे तीसरे स्थान पर है जिसने 80% अंक प्राप्त किया। ये सभी छात्र पीसीएम के विद्यार्थी हैं।दूसरी ओर पीसीबी में परिधि अग्रवाल ने सर्वाधिक 78% अंक प्राप्त की। उसने बायोलॉजी में 85% केमिस्ट्री में 92% अंक प्राप्त की साथ ही कॉमर्स फैकल्टी में आयुषी उदयपुरी ने सर्वाधिक 76% अंक प्राप्त की। उसने इंग्लिश में,93 पीएचई में 85, पेंटिंग में 93 और इकोनॉमिक्स 74% अंक प्राप्त किया।

स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सकारात्मक समन्वय और प्रयास से स्कूल का परीक्षा फल हमेशा बेहतर हो रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष स्कूल में पीसीएम में 15, पीसीबी में 13 बच्चों ने परीक्षा दी वहीं कॉमर्स में मात्र तीन बच्चों ने ही परीक्षा दी। अधिकतर छात्र-छात्राएं ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर स्थान बनाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं स्नेहल कुमार दुबे 91%, प्राकृतिक कुमार 84%, दीपांशु चौबे 80% परिधि अग्रवाल 78% आयुषी उदयपुरी ने 76% अंक प्राप्त किया।

सभी शिक्षक, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच खुशी की लहर है।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में आरकेपीएस का रिजल्ट शत प्रतिशत

### गणित में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिवानी बनी स्कूल टॉपर


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सीबीएसई बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आरकेपीएस गढ़वा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में स्कूल की छात्रा शिवानी सिन्हा ने गणित विषय में 99 अंक प्राप्त कर स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। स्कूल में दूसरा स्थान समृद्धि कुमारी, तीसरे स्थान पर लवली कुमारी और चौथे स्थान पर शैली रानी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सकारात्मक समन्वय और प्रयास से स्कूल का परीक्षाफल हमेशा बेहतर हो रहा है। इस वर्ष स्कूल से विज्ञान विषय से 30 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

## सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा में डीएवी स्कूल का परिणाम बेहतर, विज्ञान में कृष्ण मिश्रा बने स्कूल टॉपर

**आजाद सिपाह संवाददाता**




**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल डीएवी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। साइंस में कृष्ण मिश्रा 93.40 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बना। दूसरा स्थान साक्षी प्रिया 89.20 प्रतिशत, तृतीय स्थान अनिशा सिंह 86.60 प्रतिशत, स्नेहा पाण्डेय 86.60, नितिन राज 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त की। साइंस में 37 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया, जिसमें शत प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुई। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दिया तथा उत्तीर्ण हुए विद्यार्थि के उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा में समर कैंप का आयोजन 17 से 22 तक

### दूसरे विद्यालय के छात्र और छात्राएं भी भाग ले सकेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 17 से 22 मई तक हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैम्प के लिए विद्यालय के प्रबंध समिति के निदेशक अनूप कुमार सोनी, सचिव आलोक कुमार सोनी, प्रबंध निदेशक आकाश कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंद्ररुडू ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप के पहले विद्यालय में हेड ब्वाय, हेड गर्ल, हॉउस कैप्टेन का चुनाव भी वोट के माध्यम से किया जायेगा। जिसमे विद्यालय के कई प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस चुनाव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सामाजिक रूप से प्रोत्साहित करना एवं नेतृत्व की भावना जागृत करना है।

इस ग्रीष्मकालीन शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और चरित्र का पोषण करने का अवसर प्रदान करना है। यह आयोजन प्री-नर्सरी से लेकर वर्ग नौ तक सभी बच्चों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समर कैंप में अपने विद्यालय के अलावा दूसरे विद्यालय के बच्चों को भी यह अवसर प्रदान किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि समर कैंप में हमारे विद्यालय में दूसरे विद्यालय के भी बच्चे भाग ले सकेंगे। इसके लिए सभी को रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा जिसके लिए न्यूनतम मूल्य निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य एक गतिशील और समावेशी मंच बनाना है। जहां बच्चे एक सदुपयोगी वातावरण में आवश्यक तकनीकी जीवन कौशल का निर्माण कर सकें।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम रोजाना सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक चलेगा। इसमें मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग, संगीत, थिएटर, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस और फायरलेस कुकिंग जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास पर आधारित क्रियाकलाप, घुड़सवारी, तीरंदाजी, स्केटिंग, योग, कराटे और यहां तक की एयर राइफल शूटिंग सहित शारीरिक विकास गतिविधियां शामिल है। समर कैम्प में विद्यालय के सभी शिक्षकगण और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार रहा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय बंशीधर पारसनाथ डीएवी पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार रहा। परीक्षा में शामिल सभी छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। विज्ञान वर्ग में कुल 25 एवं वाणिज्य (कामर्स) वर्ग में कुल 09 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। विद्यालय का छात्रा आयुषी कुमारी सर्वाधिक 92.2% प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉपर बनी। आयुषी ने फिजिक्स में 95 अंक, केमेस्ट्री में 90 अंक, गणित में 94 अंक, अंग्रेजी में 93 अंक, फिसिकल एडुकेशन में 89 तथा आईपी में 75 अंक हासिल किए। विद्यालय की छात्रा सौम्या सक्षम पांडेय कुल 81.6 % अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। सौम्या ने फिजिक्स में 79 अंक, केमेस्ट्री में 86 अंक,जीव विज्ञान में 83 अंक, अंग्रेजी में 77 अंक, फिसिकल एडुकेशन में 83 तथा आईपी में 81 अंक हासिल किए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आसिस कुमार मंडल ने इस परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

**टॉपर्स की सूची**

1. आयुषी कुमारी 92.2
2. सौम्या सक्षम पांडेय 81.6%
3. अंकिता कुमारी 75.8%
4. दिव्या केशरी 75.6%
5. अंकित कुमार 75.2%
6. कोमल लता 74%
7. ऋषिकेश सिंह 72.8%
8. सौम्य कुमार केशरी 70.4
9. सुनिधि रानी 70 %
10. अरमान मिश्रा 69% 3

### बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल का सीबीएसइ दसवीं कक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




गढ़वा (आजाद सिपाही)। बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई दसवीं कक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय का छात्र सक्षम मिश्रा ने सर्वाधिक 94.8% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सक्षम ने अंग्रेजी में 94 अंक, हिन्दी 94 अंक, गणित 93 अंक, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान 96 अंक तथा आईटी में 89 अंक हासिल किए। 91.8 % अंक लाकर दूसरे स्थान पर विद्यालय की छात्रा फलक तहजीब रहा। फलक तहजीब ने अंग्रेजी में 89 अंक, संस्कृत में 86 अंक, गणित में 98 अंक, विज्ञान में 92 अंक, सामाजिक विज्ञान में 94 अंक तथा आईटी में 88 अंक हासिल किए। विद्यालय के छात्र श्रेयांश सिंह एवं अभिनव सर्राफ ने संयुक्त रूप से 91.6 % अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रेयांश सिंह ने अंग्रेजी में 96 अंक, हिन्दी 994 अंक, गणित 85 अंक, विज्ञान में 94, सामाजिक विज्ञान 89 अंक तथा आईटी में 88 अंक हासिल किए। जबकि अभिनव सर्राफ ने अंग्रेजी में 91 अंक, संस्कृत में 88 अंक, गणित में 96 अंक, विज्ञान में 90 अंक, सामाजिक विज्ञान में 93 अंक तथा आईटी में 89 अंक हासिल किए।

## सैनिक के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन 16 मई को सुबह 8 बजे से



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पहलगाम में पर्यटक पर हुए हमले को लेकर भारतीय सेना ने आतंकी कैंपों को पाकिस्तान में घुसकर नेस्तनाबूद करने का काम किया। जिसको लेकर 16 मई शुक्रवार को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन सुबह 8 बजे काली स्थान (चिनियां मोड़) से मझीआंव मोड़ तक किया जायेगा। कार्यक्रम में पुर्व सैनिक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभी सामाजिक संगठन छात्र युवा व्यवसायी महिला सहित अन्य सभी राष्ट्रवादी लोगों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि सैनिक के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सेना की पराक्रम शौर्य ने विश्व के मानचित्र पर देश का दबदबा कायम किया है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी जिला उपाध्यक्ष मथुरा पासवान मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप कंचन पाण्डेय प्रभात तिवारी अरुण तिवारी विकास तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


## शीघ्र आवास कार्य पूरा नहीं वाले लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस कर की जायेगी पैसे की वसूली



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के अध्यक्षता में आवास पूर्ण कराने को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक में प्रखंड कर्मी सहित पंचायत सहायक उपस्थित हुए। 2023-24 में 190 अबुआ आवास का तीसरा किस्त भुगतान के विरुद्ध 72 लाभुक आवास पूर्ण किया गया। वहीं 2024-25 में 471 लाभुकों को पहला किस्त भुगतान के विरुद्ध 199 लाभुकों ने प्लिंथ कार्य किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने लाभुको को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र आवास कार्य पूरा करें अन्यथा नोटिस देकर सर्टिफिकेट केस कर पैसे की वसूली की जायेगी।

## नियमित कक्षा ही विद्यार्थियों के लिए बना सफलता का मूल मंत्र : निदेशक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** स्थानीय बीएनटी संत मैरी स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड दिल्ली के द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं और दसवीं का परिणाम प्रत्येक वर्ष की भांति उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं से स्कूल के कुल 39 छात्र-छात्राएं, सत्र 2024- 2025 की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनका परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा दसवीं से स्नेहलता कुमारी 96% अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही, वहीं टॉप टेन में अनुष्का केसरी 94.4, सृष्टि प्रिया 92.6प्रतिशत, गौरव कुमार दुबे 91प्रतिशत, रिमझिम कुमारी 90.6, श्रीजा केसरी एवं अंकित राज आदित्य के 90%, सामिया आफरीन एवं आरोही विश्वकर्मा 89.7 प्रतिशत, तेजस राज विश्वकर्मा एवं इमरान अंसारी 87.6 प्रतिशत रहे। विदित हो कि कक्षा दसवीं से कुल 170 परीक्षार्थी शामिल हुए थे और इन सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट भी शत प्रतिशत तथा सराहनीय रहा। जिसमें 90% से ऊपर आठ, 80% से ऊपर 29 विद्यार्थी ,70 प्रतिशत से ऊपर 57 विद्यार्थी रहे। सीनियर सेकेंडरी कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में टॉप टेन में प्रतिकमणि त्रिपाठी 86%, उत्कर्षमणि त्रिपाठी 82%, शिवम कुमार मिश्रा 80.2 प्रतिशत , नंदनी कुमारी और सत्यम कुमार सिन्हा 77.6 प्रतिशत, नंदिनी कश्यप, ईशा कश्यप और पलक तिवारी ने 73%, नैंसी कुमारी एवं स्मृति कुमारी 72%।

परीक्षा परिणाम के जारी होने के बाद स्कूल के निदेशक उमाकांत तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए, सभी सफल छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद चुनी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में बाल संसद का गठन किया गया, जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिए। प्रधानमंत्री के पद के लिए छह उम्मीदवार भाग लिए। भाग लेने वाले में दिव्या कुमारी, लक्ष्य कुमार, आकाश कुमार, नेहा कुमारी, आर्यन कुमार, ऋतिका कुमारी का नाम शामिल है। कक्षा 9वीं की छात्रा दिव्या कुमारी ने 14 वोट से अपने कक्षा के छात्र लक्ष्य कुमार को पराजित कर जीत दर्ज किया। वहीं अध्यक्ष सृष्टि कुमारी, उपाध्यक्ष लक्ष्य कुमार, सेनापति दीपक कुमार, उप सेनापति रेणु कुमारी को बनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यायक मनोज गुप्ता, उप प्रधाना ध्यापक आचार्य दीनानाथ, छोटे शर्मा, रमेश, श्याम विहारी राम, सुदीप पाल, मीना, श्वेता, सविता, कविता सहित विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे।

# सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

## सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की परीक्षा में डीएवी स्कूल ने फहराया सफलता का परचम




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर की जानीमानी शेक्षणिक संस्था डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी ने मंगलवार को जारी हुए सीबीएसई दसवीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम में एब बार फिर सफलता का परचम जहराया है। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। दसवीं की परीक्षा में विद्यालय से कुल 140 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। दसवीं की परीक्षा में आयुष हरिहर ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बना। वहीं आरंभी राज ने 95.60 प्रतिशत और नेहा होरो ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं तृतीय टॉपर बने। इनके अलावा रिया राज, अथर्व आनंद, सोमेन गोराई, मनीष चंद्र महतो, नैतिक केसरी, राहुल कुमार, रणवीर कुमार, मौलिक चंद, अवरदीप दत्ता, स्वीटी प्रेरणा होरो, आकाशदीप महतो, प्रेम सांगा, अलवीरा अरसिम, प्रियांशु प्रसाद, प्रेम हेंब्रम, पथिकृति बोस, माही और मनीष राज ने 90ः से अधिक अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

**12वीं की परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय का रिजल्ट सौ फरीसदी :** दूसरी ओर 12वीं की परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय का रिजल्ट भी विद्यालय का शत-प्रतिशत रहा। 12वीं के विज्ञान संकाय में युवराज मिश्रा ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया वहीं प्रियांशु कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार मधु प्रिया ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रक्षा राजश्री ने 87.20ः, अनामिका श्री ने 87ः और योगेश कुमार महतो ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया।

वाणिज्य संकाय में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। लक्की कुमारी ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सृष्टि लक्ष्मी ने 80.2 प्रतिशत और अनुष्का कुमारी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार हर्षित है।

प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**आइपीएस अधिकारी बनना चाहता है युवराज मिश्रा :** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा के विज्ञान संकाय में 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डीएवी स्कूल खूंटी के टॉपर युवराज मिश्रा आगे आईपीएस ऑफिसर बनकर समाज एवं देश की सेवा करना चाहता है। युवराज मिश्रा के पिता स्वर्गीय जयराज मिश्रा का ठीक एक वर्ष पूर्व 14 मई 2024 को कैंसर बीमारी के कारण निधन हुआ था। युवराज ने अपनी इस सफलता को अपने दिवंगत पिता के नाम समर्पित करते हुए कहा कि पिता की इच्छा थी कि मैं आईपीएस ऑफिसर बनूं इसलिए आईपीएस ऑफिसर बनकर पिता के सपने को पूरा करना चाहता हूं।

## साउथ प्वाइंट का प्रियांशू दास 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक लाकर बना बुंडू अनुमंडल टॉपर

**साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने अर्जित किया 90 फीसदी से अधिक अंक**




आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं के परिणाम में एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है। साउथ प्वाइंट के प्रियांशू दास ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बीते वर्षों के सभी अनुमंडल टॉपर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रियांशू दास ने विज्ञान में 100 में से 100 अंक अर्जित किया है। प्रियांशू के अलावा राहुल प्रमाणिक (95%), आकांक्षा स्वांसी (92.8%), अंकिता चेल (92%) और देवजीत सेन (91.4%) ने भी 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। प्रियांशू ने अपनी सफलता श्रेय अपनी माता शिल्पी दास और पिता समर दास के अलावा मामा शीतल दत्ता को भी दिया है। प्रियांशू ने अपने विद्यालय साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी के मार्गदर्शन को अपनी उपलब्धि का श्रेय देते हुए धन्यवाद दिया है। साउथ प्वाइंट के सभी शिक्षकों व प्राचार्य सुभाष पाटनी ने प्रियांशू को मेधावी छात्र बताया और सभी विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की है।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा का सीबीएसइ 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के राजकुमार महतो 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। साथ ही राधा कुमारी साहू 76.02 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय टॉपर रही एवं तीसरे स्थान पर सीमा कुमारी 75.02 प्रतिशत एवं चैथे स्थान पर कंचन कुमारी 70.04 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में कीर्तिमान स्थापित किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा का सीबीएसइ 12वीं परीक्षा के तीनों संकायों में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**विज्ञान संकाय में प्रथम अंकिता कुमारी सिंह, वाणिज्य संकाय में प्रथम अंकित कुमार राय और कला संकाय में प्रथम अंकिता कुमारी रही**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों का सीबीएसई बारहवीं परीक्षा के तीनों संकायों में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा बारहवीं के तीनों संकायों में कुल 58 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें विज्ञान संकाय में कुल 25 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिनमें 16 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया। वहीं वाणिज्य संकाय में कुल 20 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी से कुल 8 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया है, और कला संकाय में कुल 13 छात्रों ने परीक्षा दिया था। जिनमें से 4 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया। वहीं शेष छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर अंकिता कुमारी सिंह (83.6 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर संदीप कुमार (79.6 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान पर रौशनी कुमारी (78.4 प्रतिशत) अंक के साथ रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर अंकित कुमार राय (78 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर अंजलि महली (72.6 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान में बहन अंशु कुमारी (72.4 प्रतिशत) अंक के साथ रहे। वहीं कला संकाय में प्रथम श्रेणी पर अंकिता कुमारी (79 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर अंजामी कुमारी (71.4 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान पर राज कुमार भोक्ता (66.6 प्रतिशत) अंक के साथ रहे। परिणामों के विश्लेषण करने के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छा रहा है।

## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू का 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू के बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं के परिणाम में एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी के अर्जुन कुमार महतो ने 93.4 प्रतिशत अंक एवं प्रणव राज 92% से उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया साथ ही विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यालय के निर्देशक

भुवनेश्वर प्रमाणिक आचार्य अमित दास प्रबंधक सत्यवान प्रमाणिक रविंद्र महतो जितेंद्र महतो एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी का दसवीं में रिजल्ट शत प्रतिशत

**आदित्य राज वर्मा 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने**



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाकर आदित्य राज वर्मा उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी के टॉपर बने। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 74 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 31 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 36 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में और 07 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उर्तीण हुए। वहीं 91.8 प्रतिशत अंक लाकर प्राची दूबे द्वितीय टापर व 88.8 प्रतिशत अंक लाकर सुहाना सैफी तृतीय टापर बनी। इनके अलावा अन्य बेहतर प्रदर्शन करने वालों छात्रों में ईशांत आर्या को 85.6 प्रतिशत, एलिना सोरेंग को 83.8 प्रतिशत, प्रकाश कमार को 83.4 प्रतिशत, जिया कुमारी को 80.4 प्रतिशत एवं शैली चैहान को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वहीं विषयवार सर्वाधिक अंक लाने वालों में हिन्दी में सुहाना सैफी और प्राची दूबे को 95 अंक, अग्रेजी में सुहाना सैफी, प्राची दूबे और आदित्य राज वर्मा को 92, गणित में आदित्य राज वर्मा को 93, विज्ञान में प्राची दूबे को 94 अंक, सामाजिक विज्ञान में आदित्य राज वर्मा को 93 अंक और आईटी में शैली चैहान को 95 अंक प्राप्त हुए। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर सभी बच्चों के उज्जवल भविश्य की कामना करते हुए सभी बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा की 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा


**वाणिज्य संकाय में प्रियांशु और कला संकाय में श्वेता प्रथम रहीं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा का सीबीएसई बाहरवीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से वाणिजय संकाय एवं कला संकाय से कुल आठ परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस बार भी विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। आठ परीक्षार्थियों में से तीन प्रथम श्रेणी में तथा पांच द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वाणिजय संकाय में छात्र प्रियांशु सिंह ने 74 प्रतिशत एवं कला संकाय में छात्रा श्वेता कुमारी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। वहीं वाणिजय संकाय में आयुष कुमार मुंडा ने 61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी, सौरभ कुमार गिरि ने 59 प्रतिशत एवं छात्रा सेजल सेनिया कुजूर ने 54 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय श्रेणी में उर्तीण हुए। इसके साथ ही कला संकाय में प्रियंका कुमारी ने 50 प्रतिशत, पायल कुमारी ने 50 प्रतिशत एवं सुमित कुमार ने 48 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय श्रेणी में उर्तीण हुए।

## सरना एकेडमी का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत, 90.4 प्रतिशत अंक के साथ गुंचा तरन्नुम बनीं स्कूल टॉपर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सरना एकेडमी कुसुम टोला का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से कुल 28 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 11 बच्चे प्रथम और 15 बच्चे द्वितीय श्रेणी से पास हुए। गुंचा तरन्नुम ने 90.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। वहीं जया कुमारी 86.6 प्रतिशत अंक के साथ सेकंड टॉपर रही। इनके अलावा संदीप गंझू 81 प्रतिशत, स्मृति नायक 80 प्रतिशत, तनु कुमारी 72.6 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 69.6 प्रतिशत अंक से पास हुए। परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी छात्रों को उनके कठिन प्रयास के सराहना करते हुए सबको बधाई दी और बेहतर भविष्य की कमाना की।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा का दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**सोनू कुमार ठाकुर 89.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रहे**

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों का सीबीएसई दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा दशम में कुल 132 छात्रों ने परीक्षा दिया था। जिसमें 51 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए और शेष छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कीं। विद्यालय के छात्र सोनू कुमार ठाकुर 89.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, अनिकेत आयुष 86 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय एवं वाहन सीनू कुमारी 85.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छा रहा है।

## शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : सुदीप गुड़िया

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मंगलवार को जरिया पंचायत के विभिन्न स्कूलों का औचक निरिक्षण किया। उन्होंने वहां के किचन, साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिसया। विधायक ने कहा कि शिक्षक मन लगाकर बच्चों के पढ़ायें। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। उनकी नीव मजबूत करने की जरूरत है। ये बच्चे आगे चलकर देश के लिए कुछ करेगें । विधायक ने कहा कि शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बाद में विधायक जरिया पंचायत के अनुगदा की ग्रामसभा में हुए शामिल हुए। मौके में ग्राम प्रधान जोहन तोपनो, अध्यक्ष सेबेस्तियन डोडराय, सचिव राफेल कंडुलना, अजित किरण तोपनो आदि उपस्थित थे।

## पुलिया निर्माण को लेकर विधायक ने किया स्थल निरीक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड की छाता पंचायत के केदली गांव में मंगलवार को खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने पुलिया निर्माण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए पुलिया निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित किया जाए। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## डीएवी बी जोन के एआरओ ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** डीएवी बी जोन के एआरओ सह डीएवी कपिल देव कडरू रांची के प्रिंसिपल एमके सिन्हा ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। पिपरवार पहुंचने पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने डीएवी स्कुल कल्याणपूर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल को जल्द से जल्द चालू करने को लेकर शिक्षकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने पिपरवार जीएम ऑफिस मे जीएम संजीव कुमार से मुलाकात कर उनके साथ बैठक की। इस बैठक में डीएवी कल्याणपुर को जल्द चालू करने को लेकर चर्चा की गयी। बताया गया कि जुन के अंतिम सप्ताह तक स्कूल चालू किया जायेगा, जबकि 15 मई के बाद से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस मौके पर कार्मिक और प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, एसओसी कुंदन कुमार, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार के अलावा डीएवी बचरा की प्राचार्या डॉ आर चौधरी, कल्याणपुर की प्राचार्या डॉ अभिलाषा सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## झूलन के साथ बिकुवादाग का ऐतिहासिक मंडा पर्व संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव में सदियों से जारी शिवोपासना का महापर्व मंडा मंगलवार को झूलन अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। भोक्ताओं ने तीन दिन तक गृह त्याग कर बाबा भोलेनाथ की शरण में रहते हुए अल्पाहार, फलाहार और अंत में वैशाख पूर्णिमा को दिन भर निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव की तीन दिनों तक आराधना की। अनुष्ठान के अंतिम दिन लकड़ी के झूलन पर हवा में घमते ही भक्तों पर पुष्प वर्षा की। झूलन के साथ ही भोक्तओं ने अन्न-जल ग्रहण किया। इसके पूर्व सोमवार की आधी रात को बिकुवादाग के पूर्व जमींदार शर्मा परिवार की ओर से अनुष्ठान में शामिल लगभग डेढ़ सौ भोक्ताओं के बीच धोती का वितरण किया गया। लगभग 50 हजार से अधिक लोगों ने तीन दिनों तक मंडा मेला का आनंद लिया। झूला सहित मनोरंगजन के कई साधन मेला में उपलब्ध थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता शरण शर्मा, दिलीप शर्मा, प्रणीत शर्मा, अशोक, कृष्णा नंद शर्मा, नीरज, बिट्टू, नीरज शर्मा, पंकज शर्मा, गौरभ अंकित सोनू विकाश के अलावा गांव के अन्य लोगों ने योगदान दिया।

### भोक्ताओं के बीच विधायक ने कराया फलों का वितरण



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के डोड़मा में झूलन के साथ मंडा पूजा समारोह संपन्न हो गया। पंडित शशि कर ने सभी अनुष्ठान संपन्न कराये। पूजा के दौरान धुंआसी, फूलखुंदी, जागरण आदि अनुष्ठान हुए। मुंडा पूजा में कुल 34 भोक्ता शामिल हुए। विधायक सुदीप गुड़िया के सौजन्य से भोक्ताओं के बीच फल व पेयजल का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, देवनाथ माघईया, मुकेश सिंह, संतोष जायसवाल, जयदीप तोपनो, हुसरु बारला, मनोज मांझी आदि उपस्थित थे।

## जांबाज ब्रदर्स ने जेएफ तमाड़ को 5-2 से हराया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 36वां मैच जांबाज ब्रदर्स और जे एफ सी तमाड़ के बीच जी एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले मे जबाज ब्रदर्स ने जेएफसी तमाड़ को 5-2 से पराजित किया। मैच का संचालन गोखेन मुंडा, रजेश मुंडा और नीरज हंस ने किया। इस अवसर पर जॉन कमल, रामेश्वर मुंडा निशांत भेंगरा, मुखिया हरीश चंद्र मुंडा, करम मुंडा एवं पीपीएस के सदस्यों के अलावे दर्शक उपस्थित थे। लीग का 37वां मैच ग्रुप बी रॉयल एफसी और एसटी जोहार के बीच 14/05/2025 को सुबह 7 बजे खेला जायेगा।

## उषा मार्टिन की पहल से बदली किस्मत

# भदया महतो बने प्रगतिशील किसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** किसी भी कार्य के प्रति जुनून और समर्पण हो तो सफलता सुनिश्चित है। महिलौंग के किसान भदया महतो ने इसी सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए एक दिन में डेढ़ लाख रुपये की तरबूज बिक्री कर टाटीसिलवे में प्रगतिशील किसान के रूप में एक मिसाल कायम की है। उन्होंने 30 मजदूरों की सहायता से दो ट्रकों में 20 टन (20,000 किलोग्राम) तरबूज कोलकाता भेजा, जो किसानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। भदया महतो की यह सफलता उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से संभव हो सकी। उन्होंने अपनी तीन एकड़ पट्टे की जमीन पर पहली बार तरबूज की खेती की और पहली ही फसल में उन्हें भारी मुनाफा हुआ।

**विविध फसलों में सफलता :** तरबूज के अलावा भदया महतो ने 50 डिसमिल भूमि पर तीन क्विंटल से अधिक स्ट्रॉबेरी की खेती की, जिससे एक लाख रुपये से अधिक की आय हुई। वह हर सप्ताह करीब चार हजार रुपये की स्ट्रॉबेरी बेचते है। इसके अलावा उन्होंने ग्राफ्टेड टमाटर से 100 क्विंटल, प्याज से 5 क्विंटल और धान से 50 क्विंटल उपज हासिल की। इधर कृषि बिजनेस समन्वयक मेवालाल महतो ने बताया कि इस बार 23 किसानों को तरबूज की खेती के लिए प्रेरित किया गया और सभी को बेहतर परिणाम मिले है। उन्होंने यह भी बताया कि रासायनिक उर्वरकों के साथ वमीर्कंपोस्ट और गाय के गोबर जैसे जैविक खादों का मिश्रित उपयोग उत्पादन में काफी फायदेमंद रहा है।

**मिसाल बने भदया महतो :** भदया महतो की यह यात्रा एक सामान्य ग्रामीण किसान से एक सफल कृषि उद्यमी क्षेत्र तक के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर अब वे स्वयं ग्राफ्टेड पौधों और बीजों का उत्पादन करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे है।

# भगवान नरसिंह पूजा का आयोजन

## जैलेंद्र कुमार ने किया रामलीला मंच का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी के सांडी गांव में श्री नरसिंह पूजा समिति सांडी द्वारा भगवान नरसिंह पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। रामलीला मंच का उद्घाटन भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने फीता काट कर किया। मौके पर आयोजन अध्यक्ष योगेंद्र करमाली, सचिव प्रेम मुंडा, कोषाध्यक्ष प्रमोद पटेल संरक्षक पूर्व मुखिया नीलमोहन पाहन, हरिलाल साहू, जगनू महतो, चंदेश्वर साहू, अरविंद पहन, धर्मनाथ मुंडा, सिकंदर महतो, दीपक मुंडा आदि रहे। जैलेंद्र कुमार ने नरसिंह अवतार पर चर्चा करते हुए बताया कि राक्षस हिरण्य कश्यप का पुत्र भक्त प्रहलाद, जो भगवान विष्णु के भक्त था, उसे हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु की भक्ति नहीं करने देने चाहता था एवं नाना प्रकार की यातनाएं देता था, जिससे भगवान विष्णु ने भक्त प्रहलाद को बचाने के लिए हिरण्य कश्यप को मारना चाहा, पर उसे भगवान से वरदान मिला था कि उसे नर, नारी, पशु, पक्षी कोई नहीं मर सकता है, तब भगवान विष्णु ने अपने चौथे अवतार आधा नर एवं आधा सिंह नरसिंह अवतार लेकर राक्षस हिरण्य कश्यप को मार गिराया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नेशनल लेवल वर्कशॉप का आयोजन



ओरमांझी (आजाद सिपाही) इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नेशनल लेवल वर्कशॉप में विभिन्न कॉलेज के छात्र-छत्राओं को नन इन वेशिव वेंटिलेटर इन हेस्टिंग्स नर्सिंग स्किल्स फॉर ऑप्टिमल आउट कम का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ तापस कुमार साहू, एसोसिएट डायरेक्टर एवं हेड ऑफ क्रिटिकल केयर एवं अनेस्थेसियोलोजी, मेदान्ता, रांची एवं प्रोफेसर डॉ सुधा देवी एम, प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रिम्स, रांची, कॉलेज निदेशक डॉ शाहीन कौशर के द्वारा छात्र-छात्राओं को हॉस्पिटल में वेंटीलेटर पर मरीजों को बेहतर उपचार हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### दरहा मरचा में पड़हा जतरा की तैयारी को लेकर बैठक



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चनगनी गांव के दरहा मरचा में डुरू सकरा सात पड़हा के तत्वावधान में आगामी एक जून को आयोजित वार्षिक पड़हा जतरा की तैयारी को लेकर पड़हा समाज की बैठक किया गया। बैठक सात पड़हा राजा जीतू उरांव की अध्यक्षता में हुई। इसमें पड़हा समाज के राजा, दीवान, कोटवार, महतो, पहान, पुजार सामाजिक अगुवा एवं बुद्धिजीवियों ने बैठक में आगामी एक जून को दरहा मरचा चनगनी में होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक में लोयो मुखिया मंगरा उरांव, सुका उरांव, चारो उरांव, गोविंद उरांव, अमरजीत उरांव, छोटना पहान, दिलीप केरकेट्टा, गंदु उरांव, बिरसा उरांव, जयजीत उरांव और मुकेश केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

### छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरहंजी गांव स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के परिसर में मंगलवार को छात्र - छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापिका अर्पणा तिग्गा व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीम गोप ने नये पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। मौके पर भीम गोप ने कहा कि शिक्षा से हीं जीवन का संपूर्ण विकास होता है। मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

### हर्ष राज 95.8% अंक प्राप्त कर बने कैंब्रिज स्कूल टॉपर




नामकुम (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ की दसवीं बोर्ड परीक्षा में कैंब्रिज स्कूल टाटीसिलवे ने उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है। छात्र हर्ष राज ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। वहीं श्रेया कुमारी ने 87.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान और मुस्कान कुमारी ने 78.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य टीके नाथ ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के उत्कृष्ट शिक्षण को दिया।

### अनगड़ा टॉपर बने अपूर्व जायसवाल



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्कूल के छात्र अपूर्व जायसवाल 93% प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ स्कूल टॉपर बने बल्कि प्रखंड टॉपर बनने का भी गौरव प्राप्त किया। अपूर्व जायसवाल की इस शानदार उपलब्धि पर गेतलसूद के रहने वाले पत्रकार पिता अनिल चौधरी एवं माता पूनम जायसवाल गर्व से फूले नहीं समा रहे हैं।

### नीरजा सहाय डीएवी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। रांची स्थित नीरजा सहाय डीएवी के दसवीं में रितेश चंद्रशेखर जैनजुर्ने 96% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजदीप राज 95.8% अंकों के साथ द्वितीय एवं माही सिंह 94.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्या किरण यादव ने सफल विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों-शिक्षकों को बधाई दी।

### संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। सीबीएससी ने 10वीं तथा 12वीं बोर्ड सत्र 2024-2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी रांची का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं में विद्यालय के छात्र रिषभ राज ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय के टापर्स रहे।अन्य विद्यार्थियों में अभिनव आनन्द 94%, हर्षि रानी 92%, श्रेयसी कश्यप 91%, आदित्य कुमार 90.4%, दिव्या गुप्ता 89%, सिपू यादव 88.2%, एकता तिवारी 86.4%, स्मृति कुमारी 86% तथा रोशन कुमार सिंह ने 85.8% अंक प्राप्त किए ।वहीं 10वीं में निलाक्षी कुमारी ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर्स रही। रिया कुमारी 87.6%, साक्षी तिग्गा 86.4%, प्रिया कुमारी 84.2%, सनियारा खातून 84.2%, आर्यन राज 84%, प्रिया कुमारी 84%, रोहित कुमार 83.4% , शशि उरांव 83.4% तथा सूरज कुमार ने 83.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम को देखते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसमंती देवी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज जी ने कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में नीत प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है।

# सीबीएसइ परीक्षा में मांडर और चान्हो के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मांडर।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मंगलवार को जारी दसवीं की परीक्षा परिणाम में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की प्राचार्य मिस ईवोन ई. एक्का के अनुसार 96 प्रतिशत अंक लाकर नाभ्या सिन्हा स्कूल टॉपर हुई। 94 प्रतिशत अंक लाकर मोहित भगत दूसरा व 93.4 प्रतिशत अंक लाकर आरती कुमारी तीसरा स्थान प्राप्त की। इसके अलावेअदनान सना ने 93.2 प्रतिशत, सपना कुमारी 92.8 प्रतिशत, रौनक कुमार यादव 92.6 प्रतिशत, हिमांशु साहू एवं जैद अकरम अंसारी 92 प्रतिशत, रोली कुमारी 91.6 प्रतिशत, शशि उरांव 90.8 प्रतिशत, सक्षम राज 90.4 प्रतिशत एवं अयाज अली 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

स्कूल के निदेशक तौफीक आलम, प्राचार्या ईवोन ई. एक्का एवं शिक्षकों ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं चान्हो स्थित बाघवार अकादमी ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को बनाए रखते हुए एक बार फिर शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 107 छात्र-छात्राएं 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 60 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में सफल हुए, 42 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में सफल हुए। 5 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सोनाक्षी जायसवाल 88.6% अंक लाकर प्रथम स्थान, कृतार्थ खालको झ 85.02% अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा अलफी जन्नत 85% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मांडर के कंदरी मोड स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल के बच्चों का सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय में सबसे अधिक आदित्य आर्यन चौबे ने 95.4 प्रतिशत एवं जी मैंस रांची के टॉपर 99.67% प्रतिशत लाकर विद्यालय एवं अपने शिक्षकों का मान सम्मान बढ़ाया। साथ ही पतंजलि पाराशर 86.6% तथा नैला नाजमीन 80% एवं अन्य बच्चे भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश दत्त ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ते जायें।

# नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** मिलन चौक स्थित नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगल के जयंती के रुप में मनाया गया। मुख्य अतिथि जेएनआरसी की रजिस्ट्रार प्रतिमा लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि कुलप्रकाश नर्सिंग कॉलेज के निदेशक कुलदीप सिंह थे। इससे पूर्व नाइटेंगल स्कूल के निदेशक अजीत महतो एवं सचिव राजबाला महतो ने अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व फ्लोरेंस नाइटिंगल के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। वहीं केंक काटकर विश्व की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल की सेवाओं को याद किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रतिमा लकड़ा ने नर्सिंग पेशे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सेवा, करुणा एवं मानवता के राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि नर्से स्वास्थ सेवा प्रणाली की रीढ़ होती हैं। जिनकी सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है। कुलदीप सिंह ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगल ने अपना पूरा जीवन मरीजों की सेवा में समर्पित कर दिया था। नर्सिंग कर्मियों का कार्य सिर्फ नौकरी करना नहीं है बल्कि मानव सेवा करना है। इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर आयोजित निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर निमार्ण आदि प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान नर्सों की भूमिका का विशेष स्मरण किया गया। संचालन स्वर्णलता टेरेसा कुजुर, श्वेता लकड़ा, निकिता लकड़ा एवं मनीषा कच्छप ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या श्रीमती लखिया लकड़ा, उपप्राचार्य हुलास डाडेल, शिक्षिका प्रतिभा मेहता, प्रिया एंजेल कुजूर, सिमरन मर्सी कच्छप, राज डुलेनवती कांडूलना, सचिव राजबाला महतो, निदेशक अजीत महतो का योगदान रहा।

# डीएवी स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस वर्ष बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में मणिराज गुप्ता ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कृतज्ञ कुमार मेहता ने 85% लाकर दूसरा स्थान व शिया कुमारी ने 82% विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं कक्षा में आयुषी कुमारी ने 93% अंक प्राप्त कर टॉप किया।कोमल रंजन 92% लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और प्रियांशी कुमारी ने 91 % लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल में बारहवीं में 27 बच्चों में 22 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं में 180 बच्चों में 135 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी बेहतर उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने टॉपर बच्चों को स्कूल मिठाई खिलाई और बधाई दिया उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्कूल का पहला बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आया और बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। यह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बना है।

# हुंडरू में भोक्ताओं की फुलखुंदी के साथ मंडा पूजा का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदीरी।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत हुंडरु में मंगलवार की सुबह पांच दिवसीय पारंपरिक मंडा पूजा हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान रात्रि जागरण के दिन शिव भक्तों ने लोटन सेवा, फुलखुंदी के तहत भगवान महादेव की अराधना की। मंडा पूजा के दिन रात्रि जागरण में छऊ नृत्य एवं सुबह में फुलखुंदी एवं झूलन का आयोजन किया गया। फुलखुंदी के दौरान शिवभक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पैर चले और झूलन के दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था के फूल बरसाये, जिसे पाने की लोगों में होड़ मची रही। रात्रि जागरण में उस्ताद सुधीर कुमार आदरडीह, सरायकेला एवं वीणाधर कुमार, पुरूलिया बंगाल के दो छऊ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसके पूर्व कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, मण्डा पूजा समिति के अध्यक्ष शुभम कुमार बेदिया सचिव सह ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, सह सचिव राजकिशोर प्रसाद ने रात्रि जागरण अखड़ा का उद्घाटन किया। मंडा पूजा में 40 भोक्ता एवं 45 सोखताईन शामिल हुए। मंडा पूजा के सफल आयोजन में कोषाध्यक्ष महेश्वर बेदिया रविलाल बेदिया, लगनू बेदिया, दसैंया बेदिया,सौहरैया बेदिया, बेदिया, महेश्वर बेदिया, विष्णु बेदिया, सुरज बेदिया, अजय बेदिया मोहित बेदिया, मंगलदास हजाम,बुधराम बेदिया, फुलेंदर करमाली मदन बेदिया बुधूवा बेदिया, मनोज बेदिया,फुलचंद करमाली,रंजन बेदिया धन्नजय बेदिया का योगदान रहा।

# संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहिं स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने 10वीं तथा 12वीं बोर्ड सत्र 2024-2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल, पूरियो का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं में विद्यालय की छात्रा दिव्या कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय की टापर्स रही।अन्य विद्यार्थियों में स्मृति सिंह 93.2%, राघव राज 92%, शिवराज गुप्ता 91%, श्रेयसी रंजन 90%, युमना फातिमा 89.4%, द्विज राज हंस 89.2%, भूमिका महतो 89%, सूफिया सदफ 88.8%, तथा रिद्धि सिंह ने 88.2% अंक प्राप्त किए ।वहीं 10वीं में अल्तमश अफरीदी ने 88.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर्स रहे। सुनील कुमार महतो 87.8%, मेघा कंदीर 87.6%, सुकृति चौधरी 86.8%, वृन्दा रानी 85.8%, सोनू कुमार महतो 85.4%, अश्विनी राज 84.4%, रोहित कुमार 83.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य संदीप राज ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निर्देशक डा पंकज राज ने कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में नीत प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय पर विश्वास जताने के लिए उनका धन्यवाद किया और कहा कि आप हम पर इसी प्रकार विश्वास बनाए रखें और हम आप सभी के बच्चों के मन में इसी प्रकार शिक्षा का ज्योत जलाते हुए सर्वोच्च परिणाम देते रहेंगे। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों का भी आभार जताया।

# हुरहुरी में मंडा पूजा का समापन

# दहकते अंगारे पर चले शिव भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** हुरहुरी में मंडा पूजा व मेले का समापन मंगलवार की रात धूमधाम से हो गया। सोमवार की शाम शिव भक्तों ने नंगे पैर दहकते हुये अंगारे में चलकर भगवान शिव के प्रति आस्था दिखाया व फूलखुंदी की रश्म अदा की। वहीं मंगलवार की शाम 5 बजे सैकड़ों भक्तों को 20 फिट की ऊंचाई में बने झूलन में झुलाया गया। यहां पारंपरिक मंडा मेला का भी आयोजन किया गया। हुरहुरी मंडा पूजा समिति की और से मंगलवार की रात आर्केस्ट्रा का भी कार्यक्रम किया गया था। इससे पूर्व मंडा पूजा एवं आर्केस्ट्रा का उद्घाटन कोंग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव एवं जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मकसूदन तिग्गा, दुर्गा उरांव, मोहित सिंह, आशीष उरांव, जुगेश्वर सिंह, लक्ष्मण महतो, मुखिया कमल खलखो, प्रधान शैलेंद्र मुंडा, संजु देवी, सुनील मिंज, विजय उरांव, संजय उरांव, रंथु तिग्गा, महेश महतो,गणेश महतो, छोटन महली, बंधु उरांव, पंचम महतो और बिनोद उरांव का योगदान रहा।

## सीबीएसइ दसवीं की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर ने दिया शत-प्रतिशत रिजल्ट



लक्ष्मी कुमारी, चंचल कुमारी और अतुल राज।

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के कक्षा दशम के सभी छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत सफलता प्राप्त की। लक्ष्मी कुमारी 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बनी। वही चंचल कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे तथा अतुल राज 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा प्रीति कुमारी 89.6 प्रतिशत, रिया कुमारी 86.8 प्रतिशत, कारण सिंह 85 प्रतिशत, आयुष कुमार 84.6 प्रतिशत, जय गुप्ता 84.6 प्रतिशत, खुशी कुमारी 84.4 प्रतिशत, सोनम याना इंदवार 83.6 प्रतिशत, आयुष खेरवार 83.6 प्रतिशत, नेहा मिश्रा 83.4 प्रतिशत, अंकित प्रसाद 82.8 प्रतिशत, समीक्षा अग्रवाल 82.2 प्रतिशत, श्याम सिंह 82 प्रतिशत, केशव चंद महतो 81.4 प्रतिशत, सिखा कुमारी 80.4 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी सिंह 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। परीक्षा में विद्यालय से कुल 118 छात्र सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राम किशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल तथा प्रमोद कुमार साबु, सह सचिव त्रिभुवन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा सहित समिति के सभी सदस्यों तथा विद्यालय के आचार्यों ने भैया बहनों की सफलता पर बधाई दी है।

## 10वीं में सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में हर्ष राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



हर्ष राज, आदित्य कुमार पांडे और राहुल उरांव।

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ 10वीं का रिजल्ट मंगलवार को प्रकाशित की गयी। जिसमें सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में 94 प्रतिशत अंक लेकर हर्ष राज प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य कुमार पांडे 92 प्रतिशत, राहुल उरांव 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक चंद्रकांत पाठक ने बताया कि इस बार 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 56 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही द्वितीय स्थान प्राप्त एक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ। साथ ही यह भी बताया की 7 ऐसे विद्यार्थी हैं जो 90 प्रतिशत और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। वहीं 20 विद्यार्थी 85 प्रतिशत और 23 विद्यार्थी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा किया गया दसवीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के बाद शिक्षक शिक्षकेतर व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी हैं।

## पाइप फटने से पानी का हो रहा बहाव शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** इस चिलचिलाती धूप में एक ओर लोग पानी के लिए तरस रहे है, तो दूसरी ओर पानी का बबार्दी हो रहा है। जिसे देखने वाले ना सरकारी कर्मचारी हैं और ना ही बनाने वाले ठेकेदार। मामला घाघरा प्रखंड के बेलागाड़ा पंचायत के मसरिया नवोदय के समीप का है। जिसे राजगिरी सिंह कंट्रक्शन के द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है और गांव में सप्लाई के लिए पाइप बिछाया गया है। पिछले पंद्रह दिन से अधिक से पाइप के फटने से लगातार पानी बह रहे हैं, कई बार ग्रामीण इसकी शिकायत पेयजल एवं संस्था विभाग व ठेकेदार से किया पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा है कि अनावश्यक पानी की बबार्दी हमें देखकर तरस आ रहा है। चिल्लाती गर्मी में कई लोगों के घरों में पानी की। समस्या है। एक किलोमीटर दूर जाकर पीने के लिए पानी ला रहे है दूसरी ओर पानी बेकार बह रहा है। यहां बता दे की राजगिरी सिंह कंट्रक्शन के द्वारा 2 वर्ष पूर्व ही पानी टंकी को बनवाया गया है और सप्लाई पाइप बिछाया गया पाइप बिछाने के कुछ दिन बाद ही पाइप फटा और पानी का बबार्दी हो रहा है। यहां बता दें की कंस्ट्रक्शन कंपनी को 5 वर्षों तक योजना को मेंटेनेंस करना है पर किसी भी तरह का मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। सिर्फ कागजों में मेंटेनेंस कर पैसा का निकासी की जा रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सप्लाई पाइप के फटने से हो रहे पानी के बबार्दी को ठीक करने का आग्रह विभाग व ठेकेदार से किया है।

## मिशन बदलाव के सदस्यों ने किया 3 यूनिट रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने गुमला सदर अस्पताल में तीन यूनिट किया रक्तदान अमित कुमार,विनय गोप, विक्रम नायक तीनों युवाओं के द्वारा गंभीर मरीजों के लिए रक्तदान किया गया। रक्तदान करने के समय मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत मिशन बदलाव के जिला सचिव सय्यदा खातून नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा नगर सचिव ज्योति गुलरिया कुजूर सदस्य छोटेलाल महतो एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने युवाओं से रक्तदान करने को लेकर अपील किया है और बताया कि हम सभी युवाओं को जितना हो सके रक्तदान करना चाहिए और रक्तदान करने से किसी तरीके का कोई भी बीमारी नहीं होता है। सभी युवाओं को रक्तदान करने के लिए बढ़ चढ़ कर आगे बढ़ना चाहिए मिशन बदलाव के सय्यदा खातून ने सभी से अपील की है कि हम सभी महिलाओं को रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। हम लोग जिस तरीके से पूरे घर को समेट के रख कर सभी का ख्याल रखते हैं, उसी तरीके से हम सभी लोग के बीच में सदैव महिलाओं को संगठित और सशक्त बनाने को लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। रक्तदान उसी का एक अहम कड़ी है, जिसमें महिलाएं जागरूक होकर अपने रक्त का दान करें और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। मिशन बदलाव के संस्थापक समस्त युवाओं से अपील किया है कि वर्तमान समय में हमारे झारखंड के युवा नशा और बहुत ऐसे बुरे आदतों का शिकार हो रहे हैं, जिसके वजह से उनका शरीर और दिमाग और बना स्थित उनके नियंत्रण में नहीं है इसलिए जितना हो सके नशा पान से दूर रहे और जब रक्तदान आप करते हैं तो आपको एकांत संतुष्टि मिलती है।

# कार्यकर्ताओं के समर्पण पर टिकी होती है पार्टी की नींव : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** यह कोंग्रेस पार्टी संगठन सृजन का वर्ष है। हमें जिला स्तर पर प्रखंड मंडल पंचायत वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटि का गठन करना है। उक्त बातें जिला प्रभारी बंधु तिर्की ने सगठन की बैठक में कार्यक्रताओं को संबोधित करते हुए कहा। वे गुमला के सिसई में टाना भगत हाल में अयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन की बैठक में शामिल हुए थे। जिस के तहत आगामी एक माह का कैलेंडर तैयार कर सभी स्तर के कमेटियों का गठन हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही साथ अग्रणी मोर्चा संगठन जिला प्रखंड एवं मंडल स्तर पर भी कमेटियों का गठन करने की बात कही गयी। वर्तमान में पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन भी किया जाना है। इसके तहत जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय एवं घर-घर संविधान बचाओ अभियान की तैयारी भी की गयी और आने वाले दिन में बेहतर से बेहतर कार्यक्रम करने का निर्देश सभी पदाधिकारी को दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं के इमेज से पार्टी की इमेज तैयार होती। कांग्रेसियों का इतिहास रहा है कि वे अपना सबकुछ मातृभूमि के लिए निछावर करते आये हैं। उन्होने कार्यकर्ताओ को संगठन सृजन के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी बंधु तिर्की उपस्थित हुए। बैठक में अग्रणी मोर्चा संगठन जिला अध्यक्ष गण, सभी प्रखंड अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, प्रखंड पर्यवक्षों के साथ संगठन सृजन कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित किया गया था। सिसई, भरनो प्रखंड के नवनीत पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र समर्पित किया गया। बैठक में अग्रणी मोर्चा संगठन जिला अध्यक्ष लोहरा उरॉव, आजाद अंसारी, भुनेश्वर राम, साहेब वशीम, राजु उरॉव, प्रदीप सोरेंग, मनसुब अंसारी, बिंदेश्वर साहू, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, बैबुल अंसारी, अजीत केरकेट्टा, बिकास गुप्ता, बिकास साहू, इस्माइल कुजुर काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा में डीएवी का परचम

# विज्ञान में माही सिन्हा, कला में अंजली और वाणिज्य संकाय में प्रणव और डॉली टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



माही सिन्हा, अंजली कुमारी, प्रणव राज गुप्ता और डॉली कुमारी।

**गुमला।** मंगलवार को सीबीएसइ 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिला एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने एवं डीएवी एलएमसी के वाइस चेयरमेन विनय कुमार लाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके यह दिखाया है की मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस वर्ष बारहवीं विज्ञान की परीक्षा में कुल 127 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 122 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। माही सिन्हा ने 94.6 %, क्षितिज राज ने 93%, अनन्या सोनी ने 91.6 %, सक्षम गुप्ता ने 91.6 %, आदित्य कुमार ने 91.4 %, सिया कुमारी ने 90%, अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

बारहवीं कला की परीक्षा में 38 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। अंजली कुमारी ने 98.6%, आशीष कुमार गुप्ता ने 96.4%, आकृति ने 96%, मिनीषा काकुल ने 95.6, वर्षा कुमारी ने 93%, मोक्षिता गुप्ता ने 92.8%, आदित्या कुमार साहू ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

बारहवीं वाणिज्य में कुल 48 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। डॉली कुमारी ने 96%, प्रणव राज गुप्ता ने 96%, सिम्मी कुमारी ने 94.2%, शुभेंदु कुमार ने 93.8 %अंक , ज्योति अग्रवाल ने 92.8%,रिया दास गुप्ता ने 92 % एवं राशि जायसवाल 90.6 % अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# बज्मे रब्बानी ट्रस्ट ने जन औषधि केंद्र प्रारंभ कराने और रात्रिकालीन दवा दुकान की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने एक ज्ञापन भी उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन के अनुसार कमेटी ने उपायुक्त से गुमला सदर अस्पताल में जन औषधि केंद्र प्रारंभ कराने, रात्रिकालीन दवा दुकान तथा पेट्रोल पंप की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की अपील की है। प्रवक्ता गुलाम साबिर रब्बानी ने कहा कि गुमला सदर अस्पताल में आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र की स्थापना की घोषणा की गयी थी किंतु खेद का विषय है कि अभी तक उक्त केंद्र पर मात्र एक बोर्ड लगाकर छोड़ दिया गया है। इसके अभाव में जिले के गरीब एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों को अत्यंत महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। इसके अतिरिक्त, गुमला जिला मुख्यालय में रात्रि लगभग 9 बजे के बाद सभी दवा दुकानें बंद हो जाती हैं, जिससे आकस्मिक रोगियों को दवा उपलब्ध कराने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार, रात्रिकाल में जिले के सभी पेट्रोल पंप भी बंद हो जाते हैं। रात्रिकालीन दवा दुकानों एवं पेट्रोल पंपों को रोस्टर प्रणाली के माध्यम से संचालित कराया जाने से आम नागरिकों को काफी सुविधा प्राप्त हो सकती है। मौके पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के सदर फिरोज अली रब्बानी (पप्पू), सेक्रेट्री आमिर खान रब्बानी, तहसीन रब्बानी, शाहजहां रब्बानी, खुर्शीद रब्बानी समेत कोई लोग उपस्थित थे।

# राशन और आधार कार्ड में हो रहे मिसमैच की त्रुटि जल्द दूर करने का दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो, इसके उद्देश्य से गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर विगत कुछ माह से वरीय अधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों से टैग किया गया है। इन अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रखंडों में लगातार फील्ड भ्रमण, स्थानीय प्रशासन एवं नागरिकों के साथ बैठकें, योजनाओं की समीक्षा तथा स्थलीय निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलबार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण के दौरान की गयी गतिविधियों, निरीक्षण रिपोर्ट, और योजनाओं की अद्यतन स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए राशन डीलरों की लापरवाही पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने राशन कार्ड एवं आधार कार्ड में हो रहे मिसमैच की गंभीरता को रेखांकित करते हुए आपूर्ति विभाग को त्वरित सुधार की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आंगनबाड़ी, मनरेगा, पशुधन विकास योजना एवं पीएम-जनमन योजना सहित सभी प्राथमिक सेवाओं के प्रभावी संचालन की गहन समीक्षा की। उन्होंने वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट करें तथा गांवों में आमजन से संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करें।

### खेल की खबर

## वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से मिले विराट-अनुष्का



आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन मथुरा के वृंदावन पहुंचे। पत्नी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ थीं। दोनों सुबह प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम पहुंचे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। प्रेमानंद महाराज ने विराट और अनुष्का से पूछा- प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा- हां। महाराज ने दोनों को आशीर्वाद दिया- जाओ, खूब आनंदित रहो, नाम जप करते रहो। इस पर अनुष्का ने पूछा- बाबा क्या नाम जप से सबकुछ पूरा हो जायेगा? महाराज ने कहा- हां, सब पूरा होगा। विराट और अनुष्का मथुरा के होटल रेडिसन में ठहरे हुए थे। दोनों सुबह 7.20 बजे प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक दोनों ने महाराज से करीब 7 मिनट तक अकेले में भी बातचीत की।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,कोडरमा
Office e-mail id- itikoderma@gmail.com

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई,
कोडरमा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना

01 झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 639 एवं पत्रांक–640, दिनांक– 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

02 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
(क) वेल्डर, प्लम्बर एवं वायरमैन व्यवसाय के लिए आठवाँ उत्तीर्ण।
(ख) इलैक्ट्रीशियन, फीटर, मेकानिक मोटर व्हेकिल, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक, टर्नर, मेकानिक डीजल एवं ड्रोन टेक्नीशियन व्यवसायों के लिए माध्यमिक / 10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

03 महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) को प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक / प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 तक |
| 05 | अन्तिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |
| Time schedule for 1st Round of online counselling | | |
| Sl no. | activity | Date |
| 01 | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/06/2025 to 01/07/2025 |
| 02 | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| 03 | Admission in the concerned ITI | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| Time schedule for 2nd Round of online counselling | | |
| Sl no. | activity | Date |
| 01 | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/07/2025 to 30/07/2025 |
| 02 | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/08/2025 to 14/08/2025 |
| 03 | Admission in the concerned ITI | 04/08/2025 to 14/08/2025 |

04 डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-MIS011/1/2025-Oo DIR (TC) [71015]., दिनांक– 08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नंम्बर, ई–मेल ID एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 के पत्र https://iti.jharkhand.gov. in के download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

05 नमांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा / download किया जा सकता है।

06 किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webprtal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0– 8252575749 / 9308058506 / 7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा / download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ,लोकाई, कोडरमा

PR 352250 Labour Employment and Traning(25-26).D

कार्यालय :– न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

सूचना संख्या :– 1064 दिनांक 03.05.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अन्तर्गत लंबित निम्नलिखित अधिहरण वादों की अंतिम सुनवाई की तिथि 03 जून, 2025 को निर्धारित की गई है। संबंधित अधिहरण वाद से प्रभावित वादी / प्रतिवादी उक्त तिथि को स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा निर्धारित तिथि को न्यायालय द्वारा इन वादों में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्त वाहन की पंजीयन संख्या | अधिहरण वाद में अभियुक्तों का नाम एवं पता | जप्त वाहन का थाना कांड संख्या | जप्त वाहन का वन क्षेत्र पदाधिकारी का पत्रांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/2020 | साल बली 57 पीस | ट्रैक्टर मॉडल 275 डी0आई0 लाल रंग का JH08D-8551 | दुलेसर गंझु पिता रमन गंझु, सा0– कारी, देवरिया, थाना– चतरा, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 501 दिनांक 13.05.2020 |
| 2 | 06/2021 | चिरान पटरा 41 पीस | महिन्द्रा सुप्रो मेक्सी ट्रक संख्या– JH13G-8216 | 1. श्री संजय कुमार साहु पिता अज्ञात, सा0+ थाना– लावालौंग, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 227 दिनांक 15.02.2021 |
| 3 | 03/2016 | 38 पीस साल बोटा | ट्रक संख्या– JH01X-7351 | 1. श्री शंकर शर्मा पिता स्व0 हरिराम शर्मा, सा0– बारियातु, थाना– बालुमाथ, जिला– लातेहार। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 203 दिनांक 13.04.2016 |
| 4 | 01/2021 | करम चिरान 50 पीस | पिकअप भैन Reg.-JH13F-9613 | 1. मो0 शहनवाज पिता नसीम सा0– बिंड महल्ला, थाना + जिला– चतरा। | – | चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 790 दिनांक 28.08.2021 |
| 5 | 10/2021 | सेमल चिरान लकड़ी 65 पीस | मैजिक वाहन संख्या- JH01AZ-6477 | 1. श्री जितेन्द्र भगत पिता चाँरी राम, सा0– बसिया बिंग टोला, बसिया, जिला– गुमला (झारखण्ड) | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, सिमरिया वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 216 दिनांक 31.05.2021 |
| 6 | 01/2023 | 25–26 टन कोयला | ट्रक संख्या- JH02AW-5317 | 1. अखिलेश प्रसाद पिता निर्मल साव सा0– सेरेनदाग, बगरा थाना– सिमरिया जिला– चतरा। | पुलिस अधीक्षक, चतरा का ज्ञापांक 6395/अप0शा0 दिनांक 20.12.2022 | – |
| 7 | 12/2022 | बोल्डर पत्थर 100CFT | ट्रैक्टर इंजन संख्या- 33/008/SRB0762A एवं टेलर बिना नम्बर | 1. मो0 आरिज पिता मो0 अब्दाल सा0– बिंड महल्ला, अंसार नगर, थाना + जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 445 दिनांक 05.05.2022 |
| 8 | 03/2022 | कोयला 20 टन | 12 चक्का ट्रक संख्या- JH02AC-9076 | 1. श्री शंकर बाड़ा पिता राम बाड़ा, सा0– कोजिया, पो0– मनातु, थाना– केरेडारी, जिला– हजारीबाग। 2. श्री सैलेश कुजुर पिता एतवा कुजुर, सा0– अनगडा, पो0– चोपे, थाना– सिमरिया, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 331 दिनांक 10.03.2022 |
| 9 | 04/2015 | सोना छाल 37 बोड़ा | ट्रक संख्या- JH02AA-4711 | 1. श्री सनाउला अंसारी, पिता मुस्तकीम मियाँ, सा0– बेला पेटो, थाना– केरेडारी, जिला– हजारीबाग। 2. संतोष कुमार, पिता दशरथ चौधरी, सा0– धनगडा, थना– टण्डवा, जिला– चतरा। 3. फारूक पिता अज्ञात, सा0– बहेरा, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी,टण्डवा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 44 दिनांक 31.01.2015 |
| 10 | 17/2021 | – | जे0सी0बी0 (मशीन TEREX), TYPE-TLB7405, Serial No. TVE SC12AN-07-A-740-4407 | 1. श्री प्रदीप दाँगी पिता भुनेश्वर राम दाँगी, सा0– चंगेर, थाना+जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 978 दिनांक 12.11.2021 |
| 11 | 05/2021 | 40 पिस सखुआ बोटा | 12 चक्का ट्रक लाल रंग का Reg. No. BR01GB-9310 चेचिस संख्या- MA-T466416133P36021 इंजन संख्या– B591803111M63211326 | 1. श्री अरूण कुमार पिता चमरू गोप, सा0– नौरपुर, थाना– बाजार समिति सिमली, मुरारपुर, जिला–पटना, पिन कोड– 800003। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 123 दिनांक 28.01.2021 |
| 12 | 20/2022 | कोयला 20 टन | 12 चक्का ट्रक संख्या- JH02Z-3535 | 1. श्री गणेश नायक पिता स्व0 जुगल नायक 2. संजय यादव पिता कुलदीप यादव दोनो का सा0– बड़गाँव, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। 3. राजु राम पिता भुनेश्वर राम, सा0– मुरपा, थाना– बालुमाथ, जिला– लातेहार। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, टण्डवा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 492 दिनांक 12.11.2022 |
| 13 | 07/2019 | साल लकड़ी (बोटा)– 1 पीस, | होण्डा लिवो मोटरसाईकिल संख्या- JH01-CK-0979 | 1. श्री बालेश्वर दाँगी पिता स्व0 मंगर महतो सा0– चंगेर, थाना+जिला– चतरा। 2. रंजीत कुमार राणा पिता बालदेव राणा, सा0– टीकर, थाना+जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 429 दिनांक 26.05.2019 |
| 14 | 11/2020 | 1. गिला कत्था लगभग 7 कि0ग्रा0 2. डेक्चा–10 पीस 3. खैर लकड़ी–05 पीस | – | 1. सुधीर पासवान पिता अरूण पासवान, सा0– मारंगी, थाना– गिद्धौर, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 916 दिनांक 21.10.2020 |

PR 352273 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

## बुजुर्ग ने व्यवसाय में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत की



धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से लोग पहुंचे और अपनी अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में शास्त्री नगर, धोबाटांड के एक बुजुर्ग व्यवसायी ने बताया कि वे टायल्स एवं मार्बल का व्यवसाय करते हैं। उनका बड़ा पुत्र और पुत्र वधू व्यवसाय में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जबकि वे स्वयं प्रोपराइटर है। बुजुर्ग ने बताया कि उसे हर महीने बैंक लोन, महाजन का ऋण और जीएसटी जमा करना पड़ता है। बताया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। बड़ा पुत्र और पुत्र वधू जबरन दुकान बंद कर देते हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी देते हैं। बुजुर्ग ने उपायुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर दुकान एवं गोदाम में रखा माल कहीं और हस्तांतरित कराने में सहयोग प्रदान करने की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को इसकी जांच कर बुजुर्ग की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आये व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि निचितपुर में सरकारी स्कूल के पास एक व्यक्ति जबरन स्टोन क्रशर खोल रहा है। उस क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ जमीन पर खेती हो रही है। उन्होंने स्टोन क्रशर को बंद कराने की गुहार लगायी। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया।

## सांसद ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया उद्घाटन



राजगंज (आजाद सिपाही)। राजगंज हटिया के हरि मन्दिर परिसर में चार दिवसीय हरि कीर्तन कार्यक्रम के दूसरे दिन भाजपा के धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने फीता काटकर और दीप जलाकर किया। जिसके बाद सांसद के जन्म दिवस को केक काटकर मनाया गया। विधिवत पूजा के बाद वीरभूम पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध विश्वरूपा दास भजन मंडली द्वारा दूसरे दिन का कार्यक्रम शुरू किया गया। बंगला भाषी श्रोताओं ने देर रात तक भजन और भक्ति की बयार मे सराबोर रहे। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के जयकारे से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य सक्रिय है।

## नबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में भव्य लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा 12 मई 2025 को स्कूल परिसर, रंगुनी, भुली, धनबाद में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नर्सिंग छात्राओं के पेशेवर जीवन की शुरुआत का प्रतीक होता है, जिसमें वे मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की की फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनबाद के सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रताप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ के योगदान को सराहा और छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के निदेशक हरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के दौर में अस्पतालों में नर्सों की भूमिका चिकित्सकों के मुकाबले ज्यादा हो चुकी है। मरीज की सेवा से लेकर इलाज तक की अहम जिम्मेवारी नर्सों की होती है। नर्सों को ईश्वर ने ही मानवता की सेवा करने के लिए भेजा है। सेवा की भावना को आत्मसात कर अपना जीवन समर्पित करने नर्सों का उन्होंने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में निदेशक डॉ. नयन प्रकाश सिंह, श्री जय प्रकाश सिंह, श्री गोपाल सिंह, श्री हरेंद्र सिंह, श्री उदय प्रताप सिंह, तथा प्राचार्या श्रीमती उमा द्विवेदी उपस्थित रहीं। फैकल्टी सदस्यों में नीतू, आशु, कृति, टुम्पा, तारा, हर्षिता, अमित, दिशानी, श्रुति, अरुण सहित अन्य शिक्षकगण, प्रशासनिक कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## भक्ता शिव-शक्ति की आराधना का एक महत्वपूर्ण पर्व है : डॉ लंबोदर



आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार/ बेरमो। कसमार प्रखंड के बाजारटॉड़ कसमार स्थित बुढ़ा बाबा शिव मंदिर, टांगटोना शिवालय मंदिर और त्रियोनाला शिवालय मंदिर में सोमवार की रात्रि को छऊ नृत्य के साथ तीन दिवसीय भक्ता पर्व (चड़क पूजा) सम्पन्न हो गया। कसमार, टांगटोना व त्रियोनाला छऊ नृत्य तथा मंडा पर्व कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि गोमिया के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव डॉ ओ लंबोदर महतो ने विधिवत फीताकाट कर किया। श्रध्दालुओं ने सोमवार अहले सुबह उपवास रखकर पूजा अर्चना की। जहां मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंडा पर्व के अवसर पर इन तीनों गांवों में बंगाल के सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य टीमों के द्वारा एक से बढ़कर एक अपने कला का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों ने रातभर छऊ नृत्य का आनंद उठाया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि भक्ता पर्व शिव और शक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। भगवान शिव देवों के देव महादेव हैं। वहीं माता सती आदि शक्ति और जगज्जननी हैं। उन्होंने कहा कि इनकी कृपा से भक्तों का कल्याण होता है, तथा उसका जीवन सुखमय हो जाता है। जिन भक्तों पर इनकी कृपा होती है, उसके पास दुख नहीं आते हैं।

## सिंदरी बीआइटी परिसर में छात्रों के दो गुट भिड़े

# जमकर चले हॉकी स्टिक और लाठी-डंडे, पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। जिले के सिंदरी बीआइटी परिसर में देर रात रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। किसी बात को लेकर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गये। फिर क्या था सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को कैंपस परिसर में दौड़ा-दौड़ा कर पिटा, जानकारी के मुताबिक घटना में 4 से 5 छात्र घायल हुए हैं, प्रथम और तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच किसी मामूली बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया, और देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ गयी कि छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई। छात्रों का गुस्सा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने जूनियर छात्रों के परिजन और कई गाड़ियों को भी निशाना बनाया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया फिलहाल पुलिस कई छात्रों को हिरासत में लेकर जांच कर रही है।

इस पूरे घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि छात्रों ने संस्थान में कैसे जमकर तोड़फोड़ की हॉस्टल के कमरों में घुसकर छात्रों को निशाना बनाया गया. लाठी, डंडे, हॉकी स्टिक, रोड और पत्थर से हमला किया गया इस मारपीट की घटना से डरे कई छात्र हॉस्टल छोड़कर अपने घर चले गए, कई छात्र घायल हैं। बताया जाता है कि सोमवार की देर रात प्रथम और तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच मामूली बातों को लेकर कहा सुनी हुई फिर देखते ही देखते एक गुट के छात्र दूसरे गुट के छात्र पर टुट पड़े और उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे, जब छात्रों का इससे भी मन नहीं भरा तो छात्रों ने कैंटीन में भी खूब उत्पात मचाया। इस घटना से प्रथम वर्ष के चार से पांच छात्र आंशिक रूप से घायल है।

यह घटना के बाद बीआइटी प्रशासन ने घटना में शामिल छात्रों को चिन्हित करने में लगी हुई है एंव घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है, घटना में शामिल छात्रों को भी चिन्हित किया जा रहा है। बीआइटी के निदेशक डॉक्टर पंकज राय का कहना है कि घटना प्रथम एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच हुई है मारपीट के बाद कैंटीन में बैठे छात्रों का खाना और मोबाइल भी फेंके जाने की बात कही जा रही है। छात्रों ने कैंटीन और परिसर में भी उत्पाद मचाया है, दोषी छात्रों से क्षतिपूर्ति के लिए आर्थिक दंड लिया जायेगा।

## 10वीं और 12वीं में बड्र्स गार्डन स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



राजगंज। सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं की जारी की गई रिजल्ट में राजगंज स्थित बड्र्स गार्डन स्कूल के बच्चों ने पूर्व की भांति अच्छा प्रदर्शन किया है। स्कूल का रिजल्ट इस प्रकार है साइंस में सुधांशु रंजन राय (93.8), अक्षय शर्मा (92.2) अनुष्का कुमारी (91.3) आर्ट में अनुराग कुमार (91.8), साकिब मिराज(90. 2), अमित कुमार (83) तथा कॉमर्स में शिवम ठाकुर (85), निवेदिता पाल(75), खुशी कुमारी (72) ने अपने विद्यालय में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही दसवीं के रिजल्ट में भी विद्यालय ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सोनाली कुमारी (94.8), सूरज कुमार महतो (94.6), आरिफा परवीन (93.6) और रितु कुमारी (93.6) ने विद्यालय में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार उत्साहित है। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक सह प्रचार्य प्रमोद कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## अभाविप ने एनसीसी यूनिट स्थापित की मांग को लेकर कॉलेज प्रशासन को दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



कतरास। कतरास कॉलेज कतरासगढ़ में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) इकाई स्थापित किये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दिया है। एबीवीपी की ओर से लगभग एक माह पूर्व कॉलेज प्राचार्य को इस संबंध में एक पत्र सौंपा गया था, परंतु अब तक कॉलेज प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है और न ही कोई आधिकारिक सूचना दी गयी है। अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यदि आगामी सात दिनों के भीतर एनसीसी इकाई से संबंधित कोई ठोस और सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है, तो एबीवीपी कॉलेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी करने को बाध्य होगी। मौके में उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी, कतरास कॉलेज अध्यक्ष सिंटू मुखर्जी, गोपाल केवट, ऋषि लाल, रोहित राज डे आदि।

## जनता मजदूर संघ का लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर धरना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया/ जोड़ापोखर। जनता मजदूर संघ कुंती गुट का 6 दिवसीय क्रमिक धरना कार्यक्रम लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर सोमवार से शुरू हुआ। संघ की मुख्य मांग विभागीय परियोजना को चलाने और विस्तारीकरण, श्रम शक्ति बजट में वेकेंसी मंगाने, रिजल्टेंट वेकेंसी प्रमोशन, रेगुलाइज, कर्मियों का समयबद्ध आवासों की मरम्मती, कोलियरी क्षेत्र और आउटसोर्सिंग के जद में आने वालों का समुचित संसाधनों के साथ विस्थापन, बिना जांच किए सिंगल टाइप आवास का भाड़ा कटना जो गलत है, कटौती बंद करना, मनमानी तरीके से आउटसोर्सिंग में विभागीय कर्मियों को भेजना, लोदना क्षेत्र में कई यूनिट में अभी तक प्रमोशन नहीं होना, जिलगोरा अस्पताल में पारा मेडिकल स्टाफ की घोर अभाव आदि है। वक्ताओं ने कहा कि इन मांगो पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं करने पर संघ आन्दोलन करने को बाध्य हुआ। धरना कार्यक्रम में सम्मानित धरनार्थियों के अलावा मुख्य रूप से क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, नॉर्थ तिसरा सचिव श्रितेश कुमार निषाद, अध्यक्ष संतोष मिश्रा, साउथ तिसरा सचिव उमेश कुमार सिंह, अध्यक्ष राजीव झा, जीनागोरा सचिव केल्विन तिर्की, लोदना कोलियरी सचिव सुभाष उपाध्याय एवं दर्जनों सम्मानित साथी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे मे बाइक सवार घायल

राजगंज (आजाद सिपाही)। मंगलवार को करीब 7:30 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल उसे 108 एंबुलेंस से धनबाद भेज दिया है। घटना डोमनपुर तिलैया मार्ग में घटी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है की डोमनपुर से तिलैया की ओर जा रही एक बाइक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही हाइवा से हो गयी। बाइक ने अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे जा रहे दो राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। राहगीरों को मामूली चोटे आयी है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING**
**OFFICE:** General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 **(Jharkhand)**
**(E-mail:** cecritl.jusnl@rediffmail.com) **Website:** www.jusnl.in

**National Open Competitive Procurement**

**(TWO-ENVELOPE BIDDING PROCESS WITH E-PROCUREMENT)**

**e-NIT No.76/PR/JUSNL/2025-26**

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited invite Bids
(to be submitted in the e-Procurement Portal) for the following works:

| | |
|---|---|
| Name of work | Procurement for Up-gradation of existing SCADA (Hardware & Software) at 220/132/33 KV GSS, Ulijhari (Chaibasa-I) |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 96,48,400/-plus GST and other taxes extra as applicable. |
| Earnest Money Deposit | Rs. 228000/- |
| Completion Period | Six (6) months |
| e-Tender fee | Rs. 11800/- Including GST |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 15.05.2025 at4:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 15.05.2025 at4:10 PM |
| Pre-Bid Meeting | 22.05.2025 at 4:30 PM |
| End date and time of upload of BID | 05.06.2025 at2:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part | 06.06.2025 at4:00 PM |
| BID Opening date for Financial Part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, (CRITL/O.E), JUSNL Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

Detailed Invitation of Bids which includes instruction for submission of Bids and all other relevant information is available on http://www.jharkhandtenders.gov.in. Bidding Documents are also available online. Any details required in this regard can also be has from the office of the undersigned (+91-9471736495) during office hours.
The firms that technically qualify will be informed for date of opening for financial part of Bid.
Bidders are advised to note the minimum qualification criteria specified in bidding document. Interested bidders may participate in the bidding process as per instruction given in the bidding document.

OFFICER INVITING BIDS:

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

PR 352229 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)



**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**–: आम सूचना :–**

जिलान्तर्गत झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेशों के आलोक में किया जा रहा है। विभागीय निदेश के आलोक में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि इस योजना की राशि का भुगतान उनके आधार सीडेड खाते में की जानी है।

अतः वैसे लाभुक जिन्होंने अब तक अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया है अविलम्ब अपने बैंक में आधार कार्ड एवं बैंक खाता के साथ उपस्थित होकर अपने बैंक खाते को आधार से लिंग कराना सुनिश्चित करें।

ह0/
प्रभारी सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, लोहरदगा।

PR 52213 (Lohardaga) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री अजमल अंसारी, चिरी कुडू लोहरदगाको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत (1) पेशरार से चैनपुर पथ लम्बाई–5.20 किमी (2) चैनपुर से केरार तक लम्बाई– 4.50 कि0मी0 (3) केरार से बुलबुल तक लम्बाई– 9.35 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 18.07.2022 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 17.10.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 575 दिनांक– 06.07.2023, पत्रांक– 816 दिनांक– 18.10.2023, पत्रांक– 766 दिनांक– 22.09.2023, पत्रांक– 476 दिनांक– 12.03.2024 एवं पत्रांक– 335 दिनांक– 20.02.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजमल अंसारी, चिरी कुडू लोहरदगा। | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत (1) पेशरार से चैनपुर पथ लम्बाई–5.20 कि0मी (2) चैनपुर से केरार तक लम्बाई– 4.50 कि0मी0 (3) केरार से बुलबुल लम्बाई– 9.35 कि0मी0 | (1) JH/LOH/01/ 2022-23 (2) JH/LOH/02 /2022-23 (3) JH/LOH/03/ 2022-23 | 17.10.2023 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352202 (Lohardaga)25-26*D



**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704), Office of the General Manager,**
**Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002**
**E-mail ID :-, gm.jusnl@gmail.com Mob. No. :- 0651- 2490513**

**Short Emergent e-Tender Notice 2 nd call**

e-Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (in Rs.) Including GST and other taxes as applicable | Earnest money to be deposited (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (in Rs.) | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 80/PR/ JUSNL /2025-26 | R/M work at scaffolding and fitting in the inner side at Control room building at 132/33 KV G/S/S Kanke, Ranchi. | 5,56,800.00 | Rs. 11,200.00 | Rs. 1,250.00 + 18% GST= Rs. 1,476.00 | 03 months |
| Availability of tender documents on website | | | From 13.05.2025 at 11:00 AM to 20.05.2025 up to 05:00 PM | | |
| Last date and time for uploading of e-tender | | | Up to 20.05.2025 at 03:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commerical) | | | at 03:30 PM on 21.05.2025 | | |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | | Will be Communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | GENERAL MANAGER , Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002 | | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (9304254491) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. Bidders have to submit copy of UTR/ reference number as proof of online payment of tender fee & EMD as mentioned in NIT before the cut of date & Time as mentioned in NIT, failing which Bid will not be accepted. The details of last of BOQ, EMD specified in tender documents should be the same as submitted online (Scanned copies) otherwise tender will be cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 352287 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D

## खुलासा : देवघर में नकली शराब बनाने के गोरखधंधे के भंडाफोड़

# बस का ड्राइवर और खलासी गिरफ्तार

- यात्री बस से भारी मात्रा में स्पिरिट, ढक्कन और स्टीकर जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार को नकली शराब बनाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में उत्पाद पुलिस ने मधुपुर के तालाब चौक के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक यात्री बस में छापेमारी कर छह जार स्पिरिट, विदेशी शराब आरसी का एक बोरा ढक्कन और सिग्नेचर प्रीमियर का स्टीकर बरामद किया गया है। नकली शराब तैयार करने की उक्त सामग्री धनबाद से आ रही थी, जिसे मधुपुर और देवघर में खपाने की तैयारी थी।

पुलिस ने इस मामले में सोना यात्री बस के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नकली शराब बनाने की उक्त सामग्री धनबाद से बस में लोड की गयी थी, जिसकी जानकारी ड्राइवर और खलासी को थी। सामग्री की डिलीवरी कहां होनी थी, इसका



पता फिलहाल नहीं चल पाया है। मधुपुर सर्किल के सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की है। तालाब चौक के पास सोना बस को रोक कर उसकी तलाशी ली गयी, तो नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक, जब्त छह जार स्पिरिट से नकली शराब तैयार करने की तैयारी थी। पुलिस इस गोरखधंधे के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच में जुट गयी है।

**देवघर में कई बार पकड़ी जा चुकी है नकली शराब की फैक्ट्री**

देवघर जिला बिहार के बांका और जमुई जिले की सीमा से सटा हुआ है। बिहार में शराबबंदी के बाद देवघर जिले में शराब की बिक्री में 80 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। धंधेबाज इसका फायदा उठा कर असली शराब की आड़ में नकली विदेशी शराब बनाकर भी बेच रहे हैं, जिसके सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कई बार इसे पीने से लोगों की आंख की रोशनी चली जाती है और मौत तक भी हो जाती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देवीपुर और कुंडा के भंडारकोला में नकली शराब बनाने के अवैध कारोबार का पुलिस खुलासा कर चुकी है। इन इलाके में मिनी फैक्ट्री में कई विदेशी ब्रांडों की नकली शराब की खेप बरामद हुई थी।

## बिना कोचिंग के 99.2% अंक हासिल किया रिद्धिमा सुकृति ने



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर** चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी स्व. ब्रज किशोर प्रसाद की सुपौत्रि एवं व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के प्रशासनिक सचिव जितेंद्र कुमार की सुपुत्री रिद्धिमा सुकृति सुपुत्री ने सीबीएसइ 12वीं (कॉमर्स) में 99.2% अंक हासिल कर शानदार तरीके से उत्तीर्णता हासिल कर परिवारजनों व मधुपुर शहर को गौरवान्वित किया है। रिद्धिमा के बड़े पापा पंकज पीयूष खुद एक जाने-माने शिक्षाविद हैं। सबसे बड़ी बात है कि इसने यह सफलता खुद अपनी मेहनत से हासिल की है, बिना किसी ट्यूशन अथवा कोचिंग के। आगे वह अच्छे यूनिवर्सिटी में नामांकन लेना चाहती है, जहां उसे खुद को एक्सप्लोर करना चाहती है, उसके बाद वह मंजिल तय करना चाहती है। वैसे इसकी इच्छा सिविल सेवा के माध्यम से देश व समाज की सेवा करना है। वह अपने दादाजी के सपनों को पूरा करना चाहती है।अपनी सफलता का श्रेय वह खुद की मेहनत, अपने परिवार का नैतिक सपोर्ट और मम्मी -पापा को देना चाहती है। रिद्धिमा मदर्स इंटरनेशनल स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसकी सफलता में बचपन अकादमी, कार्मेल स्कूल का भी योगदान है, जहां से उसने क्रमशः प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा पायी और अपना बेसिक मजबूत किया। रिद्धिमा वर्ष 2023 में कार्मेल स्कूल से दसवीं की परीक्षा में 97% अंक हासिल की थी। रिद्धिमा ने यह साबित कर दिया कि छोटे शहरों से भी बडी उड़ान भरी जा सकती है। रिद्धिमा की सफलता से परिवार, स्कूल और शहर में खुशी की लहर है।

## सीबीएसइ की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में डीएवी भंडारकोला के बच्चों का जबरदस्त प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर** सीबीएसई की 10वीं और 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में डीएवी भण्डारकोला के बच्चों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। दसवीं बोर्ड में परीक्षार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता पायी। बारहवीं बोर्ड की कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज में शत प्रतिशत तथा साइंस संकाय में 99% सफलता पायी। दसवीं बोर्ड में 33 बच्चों ने 90% से ज्यादा अंक लाया। पल्लवी राज 96.6% अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी, वहीं अनन्या भारती 95.2 % और स्पर्श वर्मा तथा सृष्टि सुहानी 94.6% अंक लाकर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में दो परीक्षार्थियों ने



90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के माता-पिता, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को भी अच्छे परिणाम के लिए बधाई दिया। अगले वर्ष होने वाले बोर्ड के परीक्षार्थियों को और भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेने को कहा।

## मदर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर** सीबीएसइ द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में कुंडो बांग्ला रोड स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, मधुपुर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कुल 380 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी– विज्ञान संकाय से 310, वाणिज्य से 45, और कला से 25 छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा, यानी सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त




की। इस वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि रही ऋधिमा सुकृति का 99.2% अंक प्राप्त करना, जिससे वह राज्य की टॉपर बनने की प्रबल दावेदार बन गई हैं। यह परिणाम न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि मधुपुर शहर के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है। विज्ञान संकाय में : खुशी कुमारी 97.8%, चिराग रोशन 96%, रोशनी कुमारी 92%, अर्पिता सोरेन 92%, प्रिया शाही 91.8%। वाणिज्य संकाय : ऋधिमा सुकृति 99.2%, हर्ष गुप्ता 94.6%, कृषिका चौरसिया 94%, नैतिक कालबलिया 93.8%, पलक मारोड़िया 93.6%। **कला संकाय :** आमना असद 89.4%, आयशा कुमारी 87.6%, बुशरा राबिया 81%।

विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार कालबलिया ने इस शानदार परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय हमेशा छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डीसी के निर्देश पर कुष्ठ आश्रम में शौचालय और पानी टंकी का निर्माण



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी विशाल सागर निर्देश पर शहर के कालीराखा स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों की समस्या का निराकरण करने के उद्देश्य से 10 शौचालय का निर्माण कराया गया है। साथ पुरषों के साथ महिलाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए 5 महिला एवं 5 पुरुष के लिए शौचालय और पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। ज्ञात हो कि कुष्ट आश्रम में रह रहे लोगों को हो रही समस्या को देखते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने जिला निधि से आश्रम में रह रहे लोगो एवं महिलाओं के सम्मान को ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया कि जल्द से जल्द कुष्ठ आश्रम में 10 शौचालय और टंकी का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने का निर्देश दिया है। आश्रम में रह रहे लोगों स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी शौचालय में नल, पानी का टंकी बेसिन आदि की व्यवस्था की गई है, ताकि आश्रम में रह रहे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### रेलवे टिकट जांच अभियान में 308 रेल यात्रियों से 1.41 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में मंगलवार को मधुपुर, चितरंजन व जसीडीह स्टेशन में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने पटना हावड़ा जनशताब्दी, पूर्वा, पटना धनबाद इंटरसिटी समेत कई ट्रेन वह स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना टिकट यात्री के अलावे विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य कई मामलों में कुल 308 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये रेल यात्रियों से कुल 1लाख 41 हजार 545 रुपये जुर्माना वसूला गया। टिकट चेकिंग अभियान में सीनियर टीई घनश्याम गुप्ता, वापी मिश्रा, केएस गुप्ता, टीटीआइ उक्त सैन, पीके वर्मा, एम मुखर्जी, सीआईटी एफ अख्तर समेत रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवान समेत कोर्ट कर्मी प्रभास झा,रमीज राजा, उदय सिंहा समेत जीआरपी के अनुप कुमार सिंह शामिल थे।

### गणित शिरोमणि स्पर्धा का आयोजन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय लच्छीरामका चैरिटेबल ट्रस्ट एवं साइंस एंड मैथमेटिक्स डेवलपमेंट आगेनाईजेशन के संयुक्त बैनर तले लच्छीरामका ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी इंजीनियर यमुना प्रसाद लच्छीरामका एवं साइंस आगेनाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव के नेतृत्व में श्री रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, जसीडीह एवं दीनबंधु उच्च विद्यालय में प्रहलाद राय लच्छीरामका स्मृति गणित शिरोमणि स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ो विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन में श्री रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, तक्षशिला विद्यापीठ, ब्राइट कैरियर स्कूल, सुप्रभा शिक्षा स्थली, ब्लू बेल्स स्कूल, संत माइकल एंग्लो विद्यालय, भारती विद्यापीठ, ब्रिलियंट कोचिंग, एसजे एकाडमी, माउंट लिटेरा जी स्कूल, देवघर सेंट्रल स्कूल, डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, देवघर संत फ्रांसिस स्कूल, जसीडीह संत फ्रांसिस स्कूल एवं अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने शिरकत की। ज्ञात हो प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ प्राप्त करन वाले को क्रमशः 5000, 3000, 2000, 1000 की राशि एवं ट्रॉफी, पंचम से दशम स्थान प्राप्त करने को मेडल एवं प्राप्तांक के आधार पर कुल 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**